卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यःशोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 284 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शुक्रवार ♦26 जुलाई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

हर चुनौती को परास्त करेगा भारत: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। हर साल इस दिन को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज लद्दाख की ये महान भूमि कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की गवाह बन रही है। कारगिल विजय दिवस हमें बताता है कि राष्ट्र के लिए दिए गए बलिदान अमर हैं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि किस तरह हमारी सेनाओं ने इतनी ऊंचाई पर, इतने कठिन युद्ध ऑपरेशन को अंजाम दिया था। मैं देश को विजय दिलाने वाले ऐसे सभी शूरवीरों को आदरपूर्वक प्रणाम करता हूं। मैं उन शहीदों को नमन करता हूं, जिन्होंने कारगिल में मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कारगिल विजय दिवस बताता है कि देश की रक्षा के लिए जान की बाजी लगाने वालों के नाम अमिट रहते हैं। ये देश उनके लिए कृतज्ञ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कारगिल में हमने केवल युद्ध नहीं जीता था। लेकिन सत्य की भी जीत हुई है। उस समय भारत शांति के लिए कार्य कर रहा था,लेकिन पाकिस्तान ने विश्ववासघात किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी। पाकिस्तान ने अपने इतिहस से कुछ नहीं सीखा। पाकिस्तान आतंकवाद और (शेष पृष्ठ सात पर)

सरकार के खिलाफ गरजे कांग्रेसी

जनसमस्याओं को लेकर कालाढुंगी में जुटे वरिष्ठ नेता, तहसील का घेराव

कालाढूंगी(उद संवाददाता)। क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर सैकड़ों कांग्रेसियों ने शुक्रवार को जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया और तहसील का घेराव कर एसडीएम रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के जल्द से जल्द निस्तारण की मांग की। जुलूस प्रदर्शन के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गयी। इस दौरान पुलिस के साथ कांग्रेस नेताओं की नोंक झोंक भी हुयी। तय कार्यक्रम के तहत कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ शुक्रवार को सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं को लेकर सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। जुलूस के रूप में कार्यकर्ता तहसील पहुंचे यहां पर तहसील का घेराव करने के दौरान कांग्रेस नेताओं की पुलिस से नोंक झोंक भी हुयी। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जनसमस्याओं की अनदेखी का आरोप लगाया। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कालाढुंगी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी रेखा कोहली को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कालाढुंगी विधानसभा अंतर्गत कालाढुंगी, कोटाबाग और बैलपड़ाव में स्वास्थ्य (शेष पृष्ठ 7 पर)

कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस लाईन स्थित शहीद स्मारक स्थल पर आज कारगिल दिवस को शौर्य दिवस के रूप में मनाया गयाइस अवसर पर जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, एसपी क्राइम चन्द्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी पुन, पुलिस उपाधीक्ष निहारिका तोमर, आरडी मठपाल, पुलिस विभाग एवं विभिन्न विभागो के अधिकारियो, जनप्रतिनिधियो व भूतपूर्व सैनिको द्वारा कारगिल युद्ध मे शहीद हुए जनपद के हवलदार पदम राम व राइफलमैन अमित नेगी के चित्रो पर पुष्पचक्र व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली दी।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कारगिल दिवस के शहीदो को नमन करते हुए कहा कि देश की रक्षा सर्वोपरि है, जिन जवानो, सैनिकों ने देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान किया है, हमें उन पर गर्व करना चाहिए । जिन वीर सैनिको ने देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर किये, उन्हें याद करने के साथ उनकी कुर्बानी को भी याद रखना चाहिये तथा युवा पीढ़ी को इससे सीख लेनी चाहिए। उन्होने कहा कि शहीदों व सैनिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निदान किया जाएगा।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सीपी पुन ने वर्ष 1999 मे हुए कारगिल युद्ध के कारणों एवं कारगिल विजय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कारगिल युद्ध मे भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए जीता। उन्होंने बताया इस युद्ध मे देश के 30 हजार सैनिकों ने भाग लिया, युद्ध में देश के 527 जवान शहीद हुए जिसमे प्रदेश के 75 व जनपद के 02 जवान शामिल हैं। इस युद्ध मे देश के 1300 जवान घायल हुए। उन्होंने बताया कि इस युद्ध मे शहीद हुए जवानों की स्मृति मे प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को कारगिल दिवस शौर्य दिवस के रूप मे मनायाजाता है। समारोह में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, जिला सैनिक कल्याण (शेष पृष्ठ सात पर)

वार्ता के बाद शुक्ला का धरना समाप्त, बेहड़ का धरना जारी

किच्छा (उद संवाददाता)। व्यापार मण्डल नगर इकाई के चुनाव को लेकर चल रहा घमासान आज भी जारी रहा। चुनाव पर रोक लगाये जाने के विरोध में पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलकराज बेहड़ चौथे दिन भी डटे रहे दूसरी तरफ पूर्व विधायक राजे शुक्ला ने व्यापारियों के आग्रह और प्रशासन से वार्ता के बाद धरना समाप्त करने का ऐलान कर दिया। बता दें व्यापार मण्डल किच्छा इकाई के चुनाव को लेकर चल रहे गतिरोध को देखते हुए प्रशासन ने बीते दिनों चुनाव पर रोक लगा दी थी। जिसके विरोध में पूर्व मंत्री एवं विधायक तिलकराज बेहड़ व्यापारियों के साथ एसडीएम कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गये। बेहड़ का धरना आज चौथे दिन भी जारी रहा। बेहड और उनके समर्थकों की मांग है कि चुनाव पर लगी रोक हटायी जाये और एसडीएम का स्थानांतरण किया जाये। प्रशासन ने चौथे दिन भी बेहड़ से धरना समाप्त करने के लिए वार्ता की लेकिन दोपहर तक बेहड़ धरना समाप्त करने को राजी नहीं हुए थे। दूसरी तरफ बेहड़ की मांगों के विरोध में धरने पर बेठे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला भी आज चौथे दिन तहसील परिसर में धरने पर जमे रहे। शुक्रवार को धरना स्थल पर व्यापार मण्डल के निवर्तमान महामंत्री विजय अरोरा ने शुक्ला से आग्रह किया व्यापारियों को लड़ाई खुद लड़ने दी जाये। उन्होंने कहा कि वह मामले में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे। बाद में एडीएम और एसडीएम ने भी शुक्ला से धरना समाप्त करने का आग्रह किया। अधिकारियों के साथ हुई वार्ता और व्यापारियों के अनुरोध के बाद पूर्व विधायक शुक्ला ने दोपहर बाद धरना समाप्ति की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि व्यापारियों ने मामला खुद सुलझाने और कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही है, जिसके चलते वह इसमें हस्तक्षेप नहीं करेंगे। शुक्ला ने कहा कि व्यापारियों के साथ (शेष पृष्ठ सात पर)

लिव इन रिलेशन समाज के लिए घातक: चीमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने जारी बयान में कहा कि लिव इन रिलेशन में रह रहे अंतर धार्मिक जोड़ों को सुरक्षा मिलने के नियम व कानून में उत्पन्न हो रही व होने वाली समस्याओं के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। श्री चीमा ने इस प्रकार के रिलेशन को समाज के लिए बेहद घातक बताया। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा उत्तराखंड में लागू समान नागरिक संहिता को मद्देनजर रखते हुए ऐसे जोड़ों को सुरक्षा दिए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस पर श्री चीमा ने कहा कि वह माननीय न्यायालय के आदेशों पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते लेकिन उनका फोकस भविष्य की उन स्थितियों के प्रति पड़ने वाले प्रभाव से है जो इस प्रकार के रिश्ते समाज एवं धार्मिक विचारधारा को तार तार कर देंगे। पूर्व विधायक चीमा ने कहा कि वह सभी धर्मों का सम्मान करते हैं लेकिन हमारा समाज जो (शेष पृष्ठ सात पर)

चोरी की दो बाईकों के साथ ऑटो लिफ्टर दबोचा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक ऑटो लिफ्टर को चोरी की दो बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया।मामले का खुलासा करते हुए थाना प्रभारी निरीक्षकवीभारत सिंह ने बताया कि 27 अप्रैल को अटरिया मंदिर को जाने वाले सड़क जगतपुरा से प्रीतविन्दर सिंह पुत्र स्व. अजीतसिंह निवासी इंदिरा कॉलोनी, गली नंबर 6 की बाईक चोरी कर ली गई थी ।इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि पुलिस क्षेत्र से लगातार हो रही बाईक की रोकथाम को अभियान चला रही। उन्होंने बताया कि इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक संदिग्ध मोदी मैदान में बैठा है। पुलिस ने मौके पर उसे पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम नरेंद्र उर्फ कन्हैया पुत्र राकेश कुमार निवासी ग्राम महेशपुर, थाना दिनेशपुर बताया। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि उसके कब्जे से चोरी हुई बाईक बरामद हुई। बाईक पर अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर की चोरी (शेष पृष्ठ सात पर)

अमर शहीदों का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता: चुघ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।आज कारगिल विजय दिवस है। 25 वर्ष पूर्व देश के वीर जवानों ने कारगिल की ऊंची पहाड़ियों पर दुश्मनों से जंग लड़ी थी और विपरीत परिस्थितियों में अदम्य साहस का परिचय देते हुए विजय हासिल की थी और कारगिल की चोटी पर देश का तिरंगा फहराया था। आज पूरा देश कारगिल विजय दिवस मना रहा है। ऐसे में उत्तराखंड के उन 75 जवानों की शहादत को भी नहीं भुलाया जा सकता ,जिन्होंने कारगिल युद्ध में वीरता का परिचय देते हुए अपने प्राणों की बाजी लगा दी थी। उत्तराखंड उत्तर प्रदेश की सीमा पर नवाबगंज स्थित गुरुद्वारे के समीप वीर जवान शहीद बलजीत सिंह की प्रतिमा स्थापित की गई थी, जिस पर आज वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। भाजपा नेता चुघ ने कहा कि देश के जवानों ने अदम्य साहस शौर्य और पराक्रम के साथ दुश्मनों को परास्त कारगिल की चोटी पर तिरंगा लहराया था। देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले भारत के अमर सपूतो की गौरव गाथा पीढियों के लिए गर्व और प्रेरणादाई रहेगी ।उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड से भी कई वीर सपूतों ने देश (शेष पृष्ठ सात पर)

आसान नहीं होगा 50,000 अतिक्रमणकारियों का पुनर्वास!

हल्द्वानी में रेलवे विस्तार के लिए जमीन की तलाश करना बड़ी चुनौती

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के बनभूलपुरा अतिक्रमण के मामले में राज्य सरकार को पुनर्वास योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। वहीं अब मुस्लिम बाहुल परिवारों के पनर्वास के लिए इस मुद्दे को लेकर सियासी गलियारों में चर्चायें भी तेज हो गई है। जबकि अतिक्रमणकारियों को बढावाा देने को लेकर पूर्ववर्ती सरकारों को जिम्मेदार बताया जा रहा है। मगर जिस तरीके से पुनर्वास के कई मामलों में अब तक राज्य सरकार का ढुलमुल रवैया रहा है, उस देखें तो यह इतना आसान नहीं लग रहा। उत्तराखंड जैसे हिमालयी और वन प्रदेश में जमीन की तलाश करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी। क्योंकि प्रदेश सरकार राज्य में नैनीताल हाई कोर्ट, अंतरराज्यीय बस अड्डा हो या फिर सैनिकों के बच्चों के लिए छात्रावास बनाने जैसी कई योजनाएं बनायी है लेकिन इनके लिए भी सरकार हल्द्वानी व आसपास जमीन नहीं तलाश सकी है। यहां तक कि आपदा से प्रभावितों के पुनर्वास को लेकर भी सरकार वर्षों तक उन्हें विस्थापित नहीं कर पाती है। ऐसे में बनभूलपुरा में अतिक्रमण की गई भूमि पर बसे 50 हजार से अधिक लोगों के पुनर्वास के बारे सोचना भी सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। बहुचर्चित बनभूलपुरा और रेलवे प्रकरण में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। वैसे तो विस्थापन बहुत मुश्किल है। अगर ऐसा होता है तो बनभूलपुरा का स्वरूप बदल जाएगा। 50 वर्ष से कब्जे की 30.04 एकड़ भूमि खाली होगी और यहां रहने वाले 4365 परिवार को घर छोड़कर दूसरी जगह पर विस्थापित होंगे। इस समय बनभूलपुरा के अतिक्रमण वाली भूमि में रेलवे व प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर 4365 परिवार रह रहे हैं और कच्चे व पक्के 50 हजार लोगों का आशियाने हैं। अतिक्रमण के दायरे में दो इंटर कालेज, दो प्राइमरी स्कूल और एक जूनियर हाईस्कूल है। कई धार्मिक स्थल और दो से तीन मदरसे हैं। प्रशासन का दावा है कि बनभूलपुरा में अब 20 हजार वोटर हैं और अतिक्रमित जमीन पर 4500 बिजली कनेक्शन। वर्ष 2007 में पहले भी रेलवे ने यहां से कब्जा खाली कराने के लिए बड़ा अभियान चलाया था। दो दिन तक चले अभियान के बाद राजपुरा समेत काफी बड़े इलाके को अतिक्रमण मुक्त करा लिया गया था, लेकिन अधिकारियों की ढिलाई के चलते इस जगह पर फिर से अवैध कब्जा हो गया। इधर, 20 दिसंबर 2022 को हाईकोर्ट ने रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिया था। राहत पाने के लिए पीड़ित परिवार सुप्रीम कोर्ट की शरण में चले गए। तब से मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। 20 दिसंबर 2022 को हाई कोर्ट ने बनभूलपुरा में रेलवे की भूमि से अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। इस फैसले से लोगों की नींद उड़ गई थी। लोग सड़क पर उतर आए थे। पांच जनवरी 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने बनभूलपुरा अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने तब कहा था कि रातोंरात 50 हजार लोगों को नहीं उजाड़ा जा सकता है। साथ ही बुधवार को की गई टिप्पणी से भी इस क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। सरकार व रेलवे दोनों ने सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के आधार पर बनभूलपुरा में काम किया तो रेलवे का विस्तार होगा और नई ट्रेनें रफ्तार पकड़ेंगी। काठगोदाम को पहले चौहान पाटा के नाम से जाना जाता था। 1901 तक यह 300 से 400 की आबादी वाला गांव हुआ करता था। 1884 में अंग्रेजों ने हल्द्वानी और इसके बाद काठगोदाम तक रेलवे लाइन बिछाई। तभी से इस जगह का व्यावसायिक महत्व ज्यादा बढ़ गया और यह राष्ट्रीय महत्व की जगह बन गया। काठगोदाम रेलवे स्टेशन को कुमाऊं का आखिरी स्टेशन भी कहते हैं। शुरुआती दौर में काठगोदाम से सिर्फ मालगाड़ी ही चला करती थी, लेकिन बाद में सवारी गाड़ी भी चलने लगी। अब यहां से नई ट्रेनें चलाने की जगह नहीं है। हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से विस्तार की योजना थी, लेकिन अतिक्रमण की वजह से परवान नहीं चढ़ सकी। वहीं दूसरी तरह गौला नदी ने रेलवे पटरी की ओर भू-कटाव शुरू कर दिया। ऐसे में रेलवे के विस्तार के लिए अतिक्रमण हटाना जरूरी हो गया था। विशेषज्ञ कहते हैं कि पूरी जगह खाली होने पर इस जगह से वंदे भारत समेत कई नई ट्रेनें संचालित हो सकती हैं। जबकि अतिक्रमण हटाने को लेकर याचिकाकर्ताओं की माने तो हल्द्वानी में रेलवे की भूमि से अतिक्रमणकारियों को हटाया जा सकता है। इससे हल्द्वानी सहित पूरे कुमाऊं का विकास होगा। कई रेलवे परियोजनाएं शुरू होंगी और कई नई ट्रेनें चलेंगी। वहीं दूसरी तरफ यदि रेलवे गौला नदी की ओर से बनने वाली रिटेनर वाल सही से बनवा दे तो फिर कहीं भी रेलवे को भूमि की जरूरत नहीं है। प्रभावितो के लिए रेलवे व प्रदेश सरकार को सुप्रीम कोर्ट की तरह मानवीय दृष्टिकोण को देखते हुए निर्णय लेने चाहिए।

वैकल्पिक भूमि कहां है तुम्हारे पास?

देहरादून। हल्द्वानी में रेलवे विस्तार के लिए हजारों अतिक्रमणकारियों को राहत मिलने पर प्रदेश के पूर्व सीएम हरीश रावत ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एक पोस्ट में उन्होंने कहा है कि हल्द्वानी के वनभूलपुरा क्षेत्र में रेलवे के तथाकथित भूमि पर जिन्हें अतिक्रमण कारी बताया जा रहा है उनको लेकर जब हमने एक कमेटी के गठन के बाद विधानसभा में कानून बनाकर उन्हें उस भूमि पर मालिकाना हक देने का निर्णय लिया तो भाजपा ने इसे तुष्टिकरण बताया जबकि इस नियम के तहत सभी जाति धर्म के लोग जो नदियों के खालों, नालों में मलिन बस्तियों के रूप में बसे हुये हैं उनको मालिकाना हक देने की बात थी। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी अब राज्य सरकार से कहा है कि ये तुम्हारे नागरिक हैं, वैकल्पिक भूमि कहां है तुम्हारे पास, विस्थापन का दूसरा प्रस्ताव क्या है? जब हम इस बात को कह रहे थे तो भाजपा हमको कटघरे में रख रही थी, अब माननीय सुप्रीम कोर्ट कह रहा है तो क्या आप इसको भी तुष्टिकरण कहेंगे?

कुमाऊं कमिश्नर ने फिटनेस सेंटर में किया औचक निरीक्षण,दलाल मौके से हुए फरार

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने गुरूवार को बेल बाबा स्थित गाड़ियों के फिटनेस सेंटर पर छापा मारा। छापेमारी की कार्रवाई से वहां दलालों में हड़कंप मच गया। सारे दलाल मौके से फरार हो गए। छापेमारी के बाद कुमाऊं कमिश्नर ने आटीओ को नोटिस भेज दिया है। हल्द्वानी के बेलबाबा स्थित परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत वाहन फिटनेस सेंटर में कल फिटनेस सेंटर के कर्मचारियों ने अपनी गाड़ियों की फिटनेस के लिए आए वाहन चालकों के साथ मारपीट की थी। बताया जा रहा है की वाहन चालकों को कमरे में बंद भी कर दिया था। उसके बाद से मामला काफी तूल पकड़ता हुआ नजर आ रहा है। ऐसे में आज कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने वाहन फिटनेस सेंटर में औचक निरीक्षण किया। छापेमारी के कार्रवाई के दौरान कुमाऊं कमिश्नर के साथ आरटीओ संदीप सैनी और आरटीओ प्रवर्तन नंद किशोर भी मौजूद रहे। कमिश्नर के औचक निरीक्षण से वहां के संचालक और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान कमिश्नर दीपक रावत के सामने फिटनेस सेंटर के कर्मचारी और संचालक ठीक तरह से जवाब नहीं दे सके। कई वाहन चालकों ने कमिश्नर दीपक रावत को बताया की यहां पर कुछ लोग दलाली का कामकाज करने के लिए घूमते हैं। इतना ही नहीं ये लोग पैसे लेकर वाहन की फिटनेस करते हैं। रसीद 3000 की देते हैं और 12 से 13 हजार रुपए लेते हैं। फिलहाल सभी दलाल कमिश्नर की छापेमारी के बाद से गायब हो गए हैं। कमिश्नर दीपक रावत ने फिटनेस सेंटर की पिछले एक महीने की सीसीटीवी फुटेज मांगी हैं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी सरकारी कार्यालय में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो लोग इसके पीछे दोषी है उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इस मामले में आरटीओ से भी कमिश्नर ने स्पष्टीकरण मांगा है।

मंगलौर में कैब ड्राइवर हत्याकांड का खुलासा,दो आरोपी गिरफ्तार

हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार पुलिस ने 21 जुलाई को कोतवाली मंगलौर क्षेत्र के अंतर्गत थिथौला में सड़क किनारे गन्ने के खेत में मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की गुत्थी सुलझा दी है। मृतक दिल्ली निवासी कैब ड्राइवर था। जो बुकिंग में हरिद्वार आया था। पुलिस ने हत्या में शामिल दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है आरोपियों ने लूट का विरोध करने पर चालक को मौत के घाट उतारा था। एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल के निर्देश पर प्रकरण के खुलासे के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को एक्टिव करने के साथ ही सीआईयू रुड़की से इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस सपोर्ट मांगा। विभिन्न सुराग का पीछा करते हुए पुलिस टीम ने दो हत्यारोपियों को देवबंद रोड से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया तमंचा, कारतूस, लूटी गई गाड़ी की चाबी, कागजात भी बरामद कर लिया है। आरोपियों की पहचान शौरभ पुत्र वीर सिह निवासी मेरठ, सन्नी पुत्र राम किशोर निवासी मेरठ के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि पेशे से ट्रक चालक शोरभ हाईस्कूल पास है और क्लीनर सन्नी पांचवीं तक पढ़ा है. इन्होंने लूट के उद्देश्य से मेरठ से हरिद्वार के लिए ओला कैब बुक कराया। इस सफर के दौरान लंढौरा क्षेत्र में सुनसान स्थान देखकर आरोपियों ने गाड़ी लूटने की कोशिश की। इस दौरान गाड़ी चालक मृतक चंद्रपाल द्वारा विरोध करने पर एक आरोपी ने मृतक को पकड़ लिया और दूसरे ने मृतक को गोली मार दी। इसके बाद दोनों आरोपियों ने मृतक के पास रखे 2400 रुपए निकाल लिये और कार ले जाकर कस्बा मंगलोर में पेट्रोल पंप में खड़ी कर दी। ताकि एक-दो दिन बाद जब मामला शांत हो तो गाड़ी को चुपके से अपने साथ ले जाएं।

कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने पीएम मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली। उत्तराखंड के शिक्षा,स्वास्थ्य एवं शहकारिता मंत्री धन सिंह रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत ने गुरूवार को पीएम मोदी से शिष्टाचार भेंट की। कैबिनेट मंत्री ने पीएम मोदी को केदारनाथ धाम का मोमेन्टो भेंट किया। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने पीएम से राज्य से जुड़ी विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की।

भाजपा उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम कल रुद्रपुर में

बजट पर प्रबुद्ध वर्ग के साथ करेंगे विचार गोष्ठी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम कल 27 जुलाई को जिला मुख्यालय पर प्रबुद्ध वर्ग के साथ बजट पर विचार गोष्ठी को सम्बोधित करेंगे। विचार गोष्ठी का आयोजन होटल कंचनतारा में होगा। कार्यक्रम को लेकर विधायक शिव अरोरा ने कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक कर रूप रेखा तैयार की। उन्होंने बताया कि हाल हीं मे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा सभी वर्गो को ध्यान रखते हुए बजट पेश किया गया, बजट पर उत्तराखंड प्रदेश प्रभारी दुष्यन्त गौतम प्रबुद्ध वर्ग जिसमे डॉक्टर, व्यापारी, अधिवक्ता, समूह , उद्योग जगत, समाजिक संस्थाओ से जुड़े लोगो के साथ विचार गोष्ठी के माध्यम से बजट पर चर्चा करेंगे। विधायक ने बताया कि कार्यक्रम होटल कंचनतारा मे प्रातः 11 बजे होगा जिसमे बढ़ी संख्या मे प्रबुद्ध वर्ग के लोग पहुँचेगे। बैठक में कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग अलग जिम्मेवारियां सौंपी गयी। इस अवसर पर दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, जिला महामंत्री अमित नारंग, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, हरीश भट्ट, राधेश शर्मा, सुरेश कोली, तरुण दत्ता,प्रीत ग्रोवर, राजेश जग्गा, जगदीश विश्वास, आयुष चिलाना, मयंक कक्कड़, संदीप राव, अनमोल विर्क,किरण विर्क, गुन्नू चौधरी, प्रमोद मित्तल, मोहित चड्ढा, बिट्टू चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

जेल में एक चौथाई कैदी पॉस्को व बलात्कार के अपराधों में बंद

देहरादून जिला जेल में क्षमता से ढाई गुना कैदी बंद, 70 प्रतिशत विचाराधीन

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड की राजधानी में स्थित जिला जेल देहरादून में उसकी क्षमता 580 की अपेक्षा लगभग ढाई गुना 1242 कैदी बंद है जिसमें 70 प्रतिशत 872 विचाराधीन कैदी बंद हैं। जबकि 30 प्रतिशत 370 सिद्धदोष (सजायाफता) कैदी बंद हैं। कुल कैदियों में लगभग एक चौथाई 293 कैदी पॉस्को व बलात्कार अपराधों में जेल में बंद हैं। यह खुलासा जेल प्रशासन द्वारा नदीम उद्दीन को उपलब्ध करायी गयी सूचना से हुआ।काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने जिला कारागार देहरादून के लोक सूचना अधिकारी से जेल में बंदियों सम्बन्धी विवरण की सूचना चाही थी। इसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/कारापाल पवन कुमार कोठारी ने अपने पत्रांक 3560 से सम्बन्धित विवरण उपलब्ध कराया। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार जिला जेल देहरादून की क्षमता 580 कैदियों की है जबकि जून 2024 के अंत में इसमें कुल 1242 कैदी बंद थे इसमें 70 प्रतिशत 872 विचाराधीन तथा 30 प्रतिशत 370 सिद्धदोष (सजायाफ्ता) कैदी बंद थे। इसमें से 5 मृत्युदण्ड तथा 168 आजीवन कारावास से दण्डित हैं।श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार कुल कैदियों में 20 प्रतिशत 249 कैदी पॉस्को अपराधों तथा 4 प्रतिशत 44 बलात्कार के केसों में बंद हैं जबकि 25 प्रतिशत 306 हत्या, 12 प्रतिशत 154 नशीले पदार्थों, 2 प्रतिशत 31 लूट, 1 प्रतिशत 12 डकैती व 14 अपहरण तथा 35 प्रतिशत 432 अन्य अपराधों में बंद हैं। सजायाफ्ता (सिद्धदोष) 370 कैदियों में 18 प्रतिशत 66 पॉस्को अपराधों, 1 प्रतिशत 2 लूट, 46 प्रतिशत 169 हत्या, 5 प्रतिशत 19 बलात्कार, 1 प्रतिशत 3 अपहरण, 8 प्रतिशत 30 एन.डी.पी.एस. (नशीले पदार्थों सम्बन्धी अपराध) 22 प्रतिशत 81 अन्य अपराधों की सजा काट रहे हैं। विचाराधीन 872 कैदियों में भी 21 प्रतिशत 183 कैदी पॉस्को अपराधों के आरोप में, 16 प्रतिशत 137 कैदी हत्या, 3 प्रतिशत 25 बलात्कार, 14 प्रतिशत 124 एन.डी.पी.एस., 1 प्रतिशत 11 अपहरण, 3 प्रतिशत 29 लूट, 1 प्रतिशत 12 डकैती तथा 40 प्रतिशत 351 अन्य अपराधों के आरोपों में बंद हैं। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार 2023 में 14 तथा 2024 में सूचना उपलब्ध कराने तक 10 सजायाफ्ता कैदियों को सजा पूर्व होने से पहले ही सजा माफ करते हुये छोड़ा गया है। श्री नदीम को उपलब्ध सजायाफ्ता कैदियों को पैरोल पर छोड़ने की सूचना के अनुसार वर्ष 2020 में आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं। 20 कैदियों को 2021 में, 47 को वर्ष 2022 में, 35 को वर्ष 2023 में 34 तथा वर्ष 2024 में सूचना उपलब्ध कराने की तिथि तक 6 कैदियों को 15 दिन से दो महीने की पैरोल पर विभिन्न निजि आधारों पर छोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त कारावास की सजा काट रहे 22 कैदियों को 2020 में कोविड-19 के आधार पर, 2021 में 18 कैदियों को पैरोल पर रिहा किया गया जिसमें 17 कोविड के आधार तथा 1 पिता की मृत्यु के बाद क्रियाक्रम के आधार पर, वर्ष 2022 में 1, वर्ष 2023 में 1 तथा वर्ष 2024 में 1 कैदी को निजि आधारों पर पैरोल पर रिहा किया गया है। श्री नदीम को उपलब्ध सूचना के अनुसार जेल में कर्मचारियों के कुल 163 पद स्वीकृत है जबकि केवल 123 पद ही कार्यरत हैं तथा लगभग एक चौथाई 40 पद रिक्त हैं। इसके अतिरिक्त 5 उपनल संविदा कर्मचारियों में 2 सुरक्षा गार्ड 2 वाहन चालक तथा 1 फर्मासिस्ट तथा 1 पी0आर0डी कार्मिक कार्यरत है। विवरण के अनुसार जेल भवन जनवरी 2008 से प्रयोग किया जा रहा है तथा इसमें बारिश के समय सीलन व रिसाव की स्थिति उत्पन्न होती है।

आवश्यकता है

जिला रुद्रपुर में विद्युत कार्य एवं मीटर लगाने हेतु

क्र.	पद नाम	पदों की संख्या	वेतन प्रतिमाह
1	हेल्पर	250	20,000.00
2	इलेक्ट्रीशियन (आई.टी.आई)	250	30,000.00
3	इलेक्ट्रिकल (डिप्लोमा होल्डर)	50	40,000.00

-सम्पर्क करें-

कंठ किशोर दीक्षित, मो.नं.9161979836

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-

विजय आयुर्वेद क्लीनिक

पंचकर्म सेन्टर

निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-

पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग

असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।

DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970

DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग

मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)

होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

प्रदेश के दो जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय जिलों के साथ मैदानी इलाकों में भी आज कई दौर की तेज बारिश होने की संभावना है। जबकि देहरादून और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा पौड़ी, चमोली जिले में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में तेज गर्जन के साथ कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 26 जुलाई को देहरादून में गरज के साथ भारी बारिश के आसार हैं। बारिश के ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर डीएम सोनिका ने जिले में कक्षा एक से 12वीं तक के सभी स्कूल-कॉलेज, शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाड़ी केंद्रों में एक दिन का अवकाश घोषित किया है। डीएम ने सीईओ व सभी प्रशासनिक अधिकारियों को आदेश का पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

गोदाम और फ्लैट किराये हेतु उपलब्ध

- ◆ 5000,10,000 एवं 20,000 वर्ग फिट में बने गोदाम उपलब्ध हैं।
- ◆ मैट्रोपोलिस एवं सामिया में 2 एवं 3 बीएचके के फ्लैट उपलब्ध हैं।

-सम्पर्क करें-
9568300033
9568300015

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाय नमो नमस्ते ।।

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :

आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

कारगिल विजय दिवस पर दी श्रद्धांजलि

रामनगर(उद संवाददाता)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रामनगर में कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर एमपी हिंदू इंटर कॉलेज में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के तहत स्कूली छात्र-छात्राओं ने कारगिल युद्ध पर प्रकाश डालते हुए भारतीय सेना को सलाम करने के साथ ही पाकिस्तान की हरकत के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की। छात्र-छात्राओं ने भाषण के माध्यम से कारगिल युद्ध पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक डॉ प्रभाकर पांडे ने बताया कि वर्ष 1999 में पाकिस्तान के साथ भारत का यह युद्ध हुआ था उन्होंने कहा कि पाकिस्तान कि इस नापाक हरकत का भारतीय सेवा ने जमकर विरोध करते हुए इस युद्ध में जीत दर्ज की थी। उन्होंने बताया कि कारगिल युद्ध में भारतीय सेवा के जहां को 500 से अधिक जवानों ने अपनी शहादत दी। वहीं 600 से अधिक सैनिक घायल हुए थे उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का मकसद यह है कि कॉलेज में पढ़ने वाले जो आज के बच्चे हैं उनमें से कई बच्चों ने कारगिल युद्ध के दौरान जन्म भी नहीं लिया था ऐसे में इन बच्चों को इसकी जानकारी देना हम सब का कर्तव्य है तथा अपनी भारतीय सेना की जानकारी देना भी आवश्यक है। उन्होंने सभी शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बच्चों से देश हित के लिए हमेशा सजग रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज सभी का लक्ष्य होना चाहिए कि राष्ट्र हित सर्वोपरि है।

भाजपा महिला मोर्चा ने किया पौधारोपण

किच्छा(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गये 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा श्रीमती आशा नौटियाल एवं जिलाध्यक्ष विमला मुडेला के दिशा-निर्देश पर पाईन हिल स्कूल ,बरी में मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष, महिला मोर्चा,श्रीमती दया डसीला के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर बरा मंडल अध्यक्ष उमेश मिश्रा, शक्ति केन्द्र संयोजक दीपक देव,बूथ अध्यक्ष खीम सिंह मेहता ,अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष अहमद हुसैन, आई टी संयोजक राहुल देव, महिला मोर्चा अध्यक्षा गुरविंदर कौर, किच्छा नगर उपाध्यक्ष,डा० संगीता शर्मा महामंत्री महिला मोर्चा दीपा देव ,सचिव तुलसी मेहता , तनुजा दानू, भावना दानू, गीता, लता दानू, सहित दर्जनों महिला मोर्चा सदस्यों की उपस्थिति रही।हरियाली महिला समिति द्वारा नवनिर्मित भगत सिंह पार्क में बेल, आम, नींबू सहित कई प्रकार के पौधे लगाये गये। इस अवसर पर डॉक्टर संगीता शर्मा, पूनम अग्रवाल, प्रतिज्ञा रघुवंशी, शैलेश शुक्ला, रेणुका चौधरी, सुनीता सिंह, प्रेमलता चौहान, कंचन शर्मा, सीता किशोर आदि भी मौजूद रहे।

पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत पांच किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित

एसबीआई के चीफ मैनेजर, पीआर सोलर के बीडीएम एवं सीटीओ एवं समाजसेवी बाजपेयी ने किया शुभारम्भ

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली घर योजना के अन्तर्गत पीआर सोलर एण्ड इंफ्रा इंटरप्राइजेज कम्पनी द्वारा पपनेजा कालोनी वार्ड नंबर 6 में श्रीमती दीप्ति पत्नी विनोद कुमार के आवास पर पांच किलोवाट का ओनग्रिड (ग्रिड कनेक्टेट रुफ टोप सोलर) प्लांट की स्थापना की गयी। इससे पूर्व पं. विजय शास्त्री द्वारा पूजा अर्चना करते हुए जिसका शुभारम्भ भारतीय स्टेट बैंक के चीफ मैनेजर जौर्डन नितिन लाल, पवन वर्मा बिजेन्स डब्लपमेंट आफिसर एवं टेक्निकल हैड, समाजसेवी डीके बाजपेयी द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर एवं नारियल तोड़कर किया गया। इसके उपरान्त सोलर कम्पनी के पवन वर्मा ने बताया पांच किलोवाट के सोलर लगाने पर करीब 8000 यूनिट प्रतिवर्ष बिजली की बचत की जा सकती है।यदि इससे कम यूनिट प्रयोग होने पर उसका भुगतान प्राप्त कर लाभ उठाया जा सकता है। श्री वर्मा ने बताया किया इस प्रकार के सोलर प्लांट लगाने पर केन्द्र सरकार व राज्य द्वारा भी अनुदान भी दिया जा रहा है। चीफ मैनेजर एसबीआई जौर्डन नितिन लाल ने बताया कि इस प्रकार के सोलर प्लांट लगाने के लिए बैंक से ऋण की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। जो भी इस प्रकार के सोलर लगवाना चाहता है वह बैंक से सम्पर्क कर सकते है। उन्होंने बैंक की अन्य विभिन्न योजनाओ की भी जानकारी दी। समाजसेवी डीके बाजपेयी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जो संदेश दिया गया जा रहा कि प्रत्येक भारतवासियों/प्रदेशवासियों को बिजली मुफ्त दी जायेगी और बिजली से ही वह धनराशि कमा सकेगा। उसी योजना के अन्तर्गत गदरपुर में इस कंपनी द्वारा पहला पांच किलोवाट का सोलर प्लांट लगवाकर लोगों को संदेश दिया है। इस अवसर पर संजीव हलदार एकाउन्टेंट सोलर कंपनी, स्टारफिन के बीसी फैजान अली, टीकम खेड़ा, मीडिया क्लब अध्यक्ष मुकेश पाल, राजकुमार आदि मौजूद थे।

राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहन दे रही सरकार : धामी

सीएम ने किया उत्तराखण्ड राज्य जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप का शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने परेड ग्राउंड देहरादून में 24 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित होने वाली 22वीं उत्तराखण्ड राज्य जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि खिलाड़ियों के बीच आकर उनमें हमेशा उत्साह और ऊर्जा का संचार होता है। बैडमिंटन के क्षेत्र में उत्तराखंड, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बना रहा है। लक्ष्य सेन सहित कई खिलाड़ी बैडमिंटन में इतिहास रचते हुए देश एवं प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा खेल के प्रति लगन और अनुशासन, जीवन में नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गये हैं। खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जाता है, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों के शुभारंभ से खेल को बड़े स्तर पर बढ़ावा दिया गया है। ओलंपिक में भारत के अच्छे प्रदर्शन के लिए खिलड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग एवं सुविधाएं दी जा रही है। हर अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों पर भारत के कदम निरंतर बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष आयोजित हो रहे पेरिस ओलंपिक में भारत की ओर से अब तक का सबसे बड़ा दल प्रतिभाग करने जा रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश में खेलो एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए हर स्तर पर कार्य कर रही है। प्रदेश भर में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, खेल सामग्री का वितरण, आवासीय क्रीडा छात्रावास योजना के तहत खिलाड़ियों को मुफ्त शिक्षा, चिकित्सा, भोजन की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतने पर क्रमशः 2 करोड़ 1.5 करोड़ एवं 1 करोड़ की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण, रजत एवं कास्य पदक विजेताओं को क्रमशः 6 लाख, 4 लाख, 3 लाख की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्य में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन को बढ़ावा देने के लिए नई खेल नीति लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष मेडल प्राप्त करने वाले 31 खिलाड़ियों को सरकारी विभागों में नियुक्तियां दी है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के तहत 8 से 14 वर्ष के 3900 खिलाड़ियों को 1500 प्रति माह छात्रवृत्ति दी जा रही है। खेल छात्रावास में रहकर तैयारी कर रहे खिलाड़ियों के दैनिक भत्ते को 175 से बढ़ाकर 225 कर दिया गया है। ग्रामीण स्तर पर ओपन जिम के लिए 10 करोड़ की धनराशि का प्रावधान किया गया है। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल श्री अमित सिन्हा, यूएसबीए की अध्यक्ष डॉ. अलकनंदा अशोक, सचिव श्री बी.एस मनकोटी, श्री राकेश डोभाल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जोशीमठ ब्लाक के पेनखंड क्षेत्र को ओबीसी आरक्षण देने की उठाई मांग

देहरादून। राज्यसभा सदस्य और उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने राज्यसभा में जोशीमठ के ओबीसी क्षेत्र को आरक्षण की राष्ट्रीय अनुसूची में शामिल करने का मुद्दा उठाया। राज्यसभा में प्रश्न काल के दौरान भट्ट ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए सीमांत जिले चमोली में जोशीमठ ब्लाक के पेनखंड क्षेत्र को केंद्रीय ओबीसी अनुसूची में शामिल करने की मांग उठाई। यह क्षेत्र 43 ग्राम पंचायतों 73 जातियों के 48 हजार 202 लोगों का प्रतिनिधित्व करता है। इस क्षेत्र एवं क्षेत्रवासियों के समग्र विकास को लेकर लंबे समय से ओबीसी आरक्षण देने की मांग हो रही है। हालांकि, 2016 में राज्य सरकार ने उन्हें ओबीसी का दर्जा दिया। सरकारी सेवा में इस क्षेत्र के लोगों को 14 फीसदी आरक्षण का लाभ दिया जा रहा, लेकिन केंद्रीय सेवाओं में ओबीसी आरक्षण के लाभ से वे वंचित हैं। क्षेत्रवासी केंद्रीय ओबीसी आरक्षण सूची में शामिल करने के लिए कई बार केंद्र सरकार से अनुरोध कर चुके हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में सकारात्मक परिणाम नहीं आया है। इससे पूरा क्षेत्र 27 फीसदी केंद्रीय आरक्षण की सुविधा से वंचित है। उन्होंने केंद्र सरकार से तिब्बत सीमा क्षेत्र के अपनी दूसरी पंक्ति के सैनिकों की मांग को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

अब सड़कों पर यात्री नहीं फेंक सकते कूड़ा सभी वाहनों में डस्टबीन बैग लगाना अनिवार्य

मुख्य सचिव ने दिए उत्तराखण्ड आने वाले पर्यटकों के वाहनों की चैकिंग करने के निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड में अब सड़कों पर कूड़ा फैलाने वाले यात्री वाहनों पर सख्त कार्यवाही करने आदेश दिये है। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने गुरूवार को उत्तराखण्ड राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता व सुन्दरता को बनाए रखने में सामूहिक जिम्मेदारी के लिए विशेष रूप से पर्यटकों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेन्सी व वाहन चालकों का उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने के दृष्टिगत उत्तराखण्ड आने वाले सभी वाहनों में डस्टबिन और गार्बेज बैग को अनिवार्यतः लगाने के नियम का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने और नियमित चेकिंग एवं चालान के निर्देश दिए। इस सम्बन्ध में पहले ही परिवहन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, राजस्थान व मध्य प्रदेश के परिवहन आयुक्तों को भी पत्र लिखा गया है कि चारधाम यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान के तहत वाहन में बैठे यात्री सड़कों पर कचरा नहीं फेंक सकते तथा सभी वाहनों में डस्टबिन गारबेज बैग लगाना अनिवार्य है। मुख्य सचिव ने कहा कि पर्यटन प्रदेश होने के कारण राज्य की प्राकृतिक स्वच्छता बनाए रखना और पर्यावरण का संरक्षण उत्तराखण्ड के निवासियों के साथ ही हर वर्ष लाखों की संख्या में आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं का भी सामूहिक उत्तरदायित्व है। यह कार्य सामूहिक भागीदारी का है। उन्होंने इस सम्बन्ध में टूर ऑपरेटर्स, ट्रैवल एजेन्सी व वाहन चालकों से भी संवाद व समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए।

चार जिला पंचायतों के अपर मुख्य अधिकारियों का तबादला

हरिद्वार को छोड़कर सभी जिलों की ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन एवं परिसीमन होगा

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रदेश की चार जिला पंचायतों के अपर मुख्य अधिकारियों के तबादले किए गए हैं। शासन की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। जिला पंचायत चंपावत के अपर मुख्य अधिकारी भगवत पाटनी का तबादला जिला पंचायत चमोली, जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर से अपर मुख्य अधिकारी तेज सिंह का तबादला जिला पंचायत चंपावत, जिला पंचायत हरिद्वार के बीसी छिमवाल का जिला पंचायत पिथौरागढ़ और पंचायतीराज निदेशालय में संबद्ध अपर मुख्य अधिकारी संजय खंडूड़ी का जिला पंचायत नैनीताल तबादला किया गया है। वहीं हरिद्वार को छोड़कर सभी जिलों की ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन एवं परिसीमन होगा। शासन ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पर्वतीय क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों का गठन 500 की जनसंख्या पर किया जाएगा। जबकि मैदानी क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों का गठन 1000 की जनसंख्या पर किया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि राजस्व ग्रामों की सूची 29 जुलाई 2024 तक प्राप्त की जाएगी। पुनर्गठन का प्रस्ताव 30 जुलाई से 7 अगस्त तक, पुनर्गठन प्रस्तावों का परीक्षण एवं सूची 8 से 12 अगस्त तक तैयार की जाएगी। पुनर्गठन प्रस्तावों पर आपत्तियां 14 से 16 अगस्त तक प्राप्त की जाएगी। आपत्तियों का निपटारा 5 से 8 सितंबर तक और परिसीमन प्रस्तावों का अंतिम प्रकाशन 9 सितंबर तक किया जाएगा। वहीं, हरिद्वार जिले को छोड़कर अन्य सभी जिलों के क्षेत्र और जिला पंचायतों का पुनः परिसीमन होगा। क्षेत्र और जिला पंचायतों के निर्वाचन के पुनः परिसीमन के लिए प्रस्तावों की तैयारी 13 से 17 सितंबर 2024 तक और अंतिम प्रकाशन 26 सितंबर 2024 को होगा।

केदारनाथ में दो निर्माण कार्य सनातन परंपराओं के सर्वथा विपरीत : हरदा

पूर्व सीएम ने मास्टर प्लान के तहत हो रहे कार्यों पर उठाये सवाल

देहरादून(उद संवाददाता)। कांग्रेस की केदारनाथ पदयात्रा में धाम की प्रतिष्ठा को लेकर पार्टी के दिग्गज नेता भाजपा सरकार पर लगातार हमलावर हो रहे है। वहीं अब पूर्व सीएम हरीश रावत ने एक बार फिर केदारनाथ में मास्टर प्लान के तहत हो रहे मास्टर प्लान पुनर्निमार्ण कार्यों के मुद्दे को लेकर भी सवाल खड़े कर दिये हे। गुरूवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा है कि कांग्रेस की केदार समर्पण यात्रा का आज दूसरा दिन है। मेरे मन में भाजपा और वर्तमान राज्य सरकार से कुछ सवाल उठ रहे हैं? मैं उनमें से एक सवाल को आज आगे बढ़ाना चाहता हूं। बद्रीनाथ और केदारनाथ में मास्टर प्लान के नाम पर किये जा रहे निर्माण कार्यों के लिए क्या स्थानीय तीर्थ पुरोहितों, हक-हकूकधारियों और दूसरे स्टेक होल्डर सहित ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य जी से परामर्श किया गया था? क्योंकि हमारे तीर्थ स्थलों में प्रत्येक निर्माण कार्य के लिए सनातन परंपराएं निर्धारित हैं उनके अनुरूप ही वह निर्माण कार्य होने चाहिए। केदारनाथ में वर्तमान सरकार द्वारा करवाए गये दो निर्माण कार्य सनातन परंपरा के सर्वथा विपरीत हैं। पहला निर्माण कार्य मंदिर के प्रांगण का विस्तारीकरण, उस विस्तारीकरण में शास्त्र और वास्तु का ध्यान नहीं रखा गया। जब हमने आदि गुरु शंकराचार्य जी की समाधि के ऊपर पड़े हुए मलबे को हटाकर उस समाधि को ऊचा करने की अनुमति मांगी तो तत्कालीन शंकराचार्य जी ने हमें राय दी कि समाधि ही रहनी चाहिए वहां पर मूर्ति स्थापित नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा सनातन हिन्दू धर्म के अनुसार साधू-संतों व महापुरुषों की समाधि पर मूर्तियां स्थापित नहीं की जाती और वर्तमान सरकार ने आदिगुरु शंकराचार्य जी की समाधि गौण और मूर्ती को प्राथमिकता दी है। जबकि यह मूर्ति जौलीग्रांट एयरपोर्ट के बाहर स्थापित होनी चाहिए थी, कांग्रेस सरकार के समय में हमने भारत सरकार से इस एयरपोर्ट का नाम आदि गुरु शंकराचार्य जी के नाम पर किये जाने का अनुरोध किया था, जो अब भी लंबित है।

भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का मान बढ़ाया : सीएम

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर भारतीय सेना के अदम्य साहस व शौर्य को नमन करते हुए देश के लिये अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में भी देश के लिये बलिदान देने की परंपरा रही है। कारगिल युद्ध में बड़ी संख्या में उत्तराखण्ड के वीर सपूतों ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों के कल्याण के लिये वचनबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम से हमेशा देश का मान बढ़ाया है। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

राज्यपाल ने कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को किया नमन

देहरादून(उद संवाददाता)। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने देश की रक्षा में अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर शहीदों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।राज्यपाल ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना ने असाधारण साहस, शौर्य और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन किया था। इस विजय अभियान में भारतीय सेना के कई शूरवीरों ने देश के लिए अपना बलिदान दिया जिसमें सैन्य भूमि उत्तराखण्ड के कई वीर सैनिक भी शामिल थे। उत्तराखण्ड में देश के लिए बलिदान देने की परंपरा रही है, कारगिल युद्ध में भी वीर भूमि उत्तराखण्ड के कई जांबाजों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कारगिल युद्ध में देश की सीमाओं की रक्षा के लिए वीर सैनिकों के बलिदान को राष्ट्र हमेशा याद रखेगा।

शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण करें अधिकारी: सीएम

मुख्यमंत्री ने वर्चुअल मीटिंग में की सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअल माध्यम से सी.एम. हेल्पलाईन की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिये कि सी.एम पोर्टल को नियमित लॉगऑन करे व आयी सभी शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिलाधिकारी अपने स्तर पर सीएम पोर्टल 1905 पर प्राप्त शिकायतों की मानीटरिंग करें ताकि पोर्टल पर प्राप्त समस्याओं का त्वरित सामाधान हो सके व जनता का सरकार के प्रति विश्वास और मजबूत हो सकें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि ब्लॉक स्तर अधिकारी से लेकर विभागीय सचिव तक सभी अधिकारी जन शिकायतों के समाधान के लिए शिकायत कर्ताओं से स्वयं नियमित संवाद करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि जनपदों में आयोजित होने वाली बीडीसी की बैठकों में विकास से संबंधित विभागीय अधिकारियों और रेखीय विभागों के अधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाय। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी भी प्रयास करें कि वे भी बीडीसी बैठक में रहें। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील दिवस का नियमित आयोजन किया जाए। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जनपदों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी तहसील दिवस में नियमित प्रतिभाग कर जन समस्याओं का समाधान करें। तहसील दिवस पर शिकायतों व निस्तारण सबंधी जानकारी मुख्यमंत्री जन-समर्पण तहसील दिवस पोर्टल पर भी नियमित अपलोड किया जाए। शिकायतों में जो शिकायतें मांग से संबंधित हैं,उनका अलग से उल्लेख किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिकायतों को क्लोज करना उद्देश्य न हो,बल्कि शिकायतों का समाधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने सी.एम. हेल्पलाईन पर प्राप्त शिकायतों के शिकायतकर्ताओं से फोन से भी वार्ता की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ई- अभिलेखागार का भी शुभारंभ किया। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कहा कि सीएम हैल्पलाईन व सीएम जन समर्पण के अन्तर्गत तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सकारात्मक सोच के साथ पूर्ण क्षमता से कार्य करें तथा मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकस अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वन अधिकारी यू0सी0 तिवारी,अपर जिलाधिकारी अशोकजोशी,पंकज उपाध्याय , सीएमओ डॉ0 मनोज शर्मा, पीडी अजय सिंह, जिला विकास अधिकारी एसएम डोभाल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट,गौरवपाण्डेय, ओसी कलेक्ट्रेट डॉ0 अमृता शर्मा, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा आदि अधिकारी मौजूद थे।

दुष्कर्म में सहयोग करने वाले को दस वर्ष का कठोर कारावास

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नाबालिग लड़की के अपहरण करने व उसके साथ दुराचार करने वाले का सहयोग करने वाले को पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ में दस वर्ष के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपया जुर्माने की सजा सुनाई है ।विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने बताया कि पीड़ित द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया था कि 16-02-2016 को वह सिडकुल में काम करने गयी थी घर पर तीनों बच्चे थे। शाम को जब वह घर पर पहुँची तो देखा कि 12 वर्षीय बडी बेटी घर पर नहीं थी उसने दोनों बच्चों व पड़ोसियों से पूछताछ की तो पता चला कि क्षेत्र में रहने वाली सुनीता व जयप्रकाश बेटी को ले गए हैं उसने सुनीता को फोन किया पर वह बन्द था ।पुलिस ने 25-02-2016 को लड़की को डिग्री कालेज के पास से सुनीता के कब्जे से बरामद किया,उसका मेडिकल कराने पर उसके साथ दुराचार की पुष्टि हुई ।लड़की ने बताया कि उसे अपहरण कर देहरादून ले जाया गया जहां सुनीता के पुत्र वीनू उसके साथ जबरन दुराचार करता था और सुनीता व जयप्रकाश पास में खड़े देखा करते थे ।पुलिस ने इस मामले में सुनीता व वीनू के विरूद्ध चार्जशीट कोर्ट में पेश की थी और दोनों को कोर्ट ने करीब 7 वर्ष पूर्व उम्रकैद की सजा सुनाई थी ।जिसके बाद अभियोजन के द्वारा जयप्रकाश पुत्र नत्थूलाल निवासी बेसतेरवॉ थाना अमरिया जिला पीलीभीत के विरूद्ध धारा 319 सीआरपीसी के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया तब कोर्ट ने उसे तलब किया ।31-05-2022 को जयप्रकाश ने कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया उसके विरूद्ध पॉकसो न्यायाधीश अश्वनी गौड़ की कोर्ट्में मुकदमा चला जिसमें विशेष लोक अभियोजक विकास गुप्ता ने 5 गवाह पेश कर आरोप सिद्ध कर दिया जिसके बाद न्यायाधीश अश्वनी गौड़ द्वारा गुरूवार को अभियुक्त जयप्रकाश को धारा 16/17 पॉकसो अधिनियम में 10 वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने की तथा धारा 342/120बी आईपीसी के तहत एक वर्ष के कठोर कारावास सजा सुनाई है ।

कावड़ियों का जत्था हरिद्वार रवाना

हल्द्वानी।शंभु सुताय कावड़ संघ राजपुरा के करीब 80 कावड़ियों का दल राजपुरा से नाचते गाते हुये हरिद्वार को रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य करते हुऐ कावड़ियों को फूल माला पहनाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। पंकज कश्यप व हेमन्त साहू ने बताया कि सभी कावड़ियों द्वारा पैदल हरिद्वार से जल लाकर 2 अगस्त हल्द्वानी के सभी प्रमुख शिवालय में चढ़ाया जायेगा। कावड़ यात्रा में जाने वालों में

पंकज कश्यप, हेमन्त साहू, नन्हे कश्यप, तिलक राम, हिमान्शु गुप्ता, सुमित कश्यप, मनोज कुमार, महेश शर्मा, मदन कश्यप, करन कश्यप, नितिन कश्यप, अमन सक्सेना, अमन आर्या, लालू कश्यप, युवराज सिंह, गौतम बाल्मीकि, अनमोल कुमार समेत कई लोग शामिल थे। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री ललित जोशी, पूर्व पार्षद प्रमोद तौलिया, विपिन गुप्ता, योगेश शर्मा, मलय बिष्ट, करन नेगी, प्रधान मनीष आर्या, अंगत चंडोक, विनोद कुमार, विपिन पांडे, शैलेन्द्र बाली, लोकेश साहू आदि मौजूद रहे।

किच्छा में लगेगा 300 टन का इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट प्लांट

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।नगर निगम रूद्रपुर एवं काशीपुर में लीगेसी वेस्ट निस्तारण की बैठक लेते हुए जिलाधिकारी/प्रशासक उदयराज सिंह ने कार्यदायी संस्था मै0 दयाचरण एंड कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर युनिट हैड अनिल के शर्मा को 30 जुलाई तक लीगेसी वेस्ट के आरडीएफ व बायो सॉयल को पूर्णत: निस्तारित कर ट्रंचिंग ग्राउण्ड को क्लीयर एवं समतल कर माह अगस्त के प्रथम सप्ताह में ट्रंचिंग ग्राउण्ड के किनारे पौधरोपण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी लीगेसी वेस्ट का आरडीएफ बायो सॉयल है उसे 30 जुलाई तक अनिवार्य रूप से हटा दिया जाए तथा बायो सॉयल को वैज्ञानिक तरीके से एनजीटी के मानकों के अनुसार निस्तारित करते हुए वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी अनिवार्य रूप से करायी जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम रूद्रपुर व काशीपुर में लीगेसी वेस्ट के क्लीयर होने पर अगस्त प्रथम सप्ताह में पौधारोपण किया जाएगा साथ ही ट्रंचिंग ग्राउण्ड की दीवारों पर पेंटिंग की जाएगी व स्लोगन भी लिखे जाएंगे। उन्होंने रूद्रपुर व काशीपुर दोनो जगह ट्रंचिंग ग्राउण्ड के पास लीगेसी निस्तारण दौरान खराब हुई सड़कों को तुरंत ठीक कराने व गड्ढामुक्त करने के निर्देश एनएचएआई को दिए। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था मै0 दयाचरण एंड कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर युनिट हैड अनिल के शर्मा को रूद्रपुर में ट्रंचिंग ग्राउण्ड हेतु किच्छा में चयनित भूमि पर 300 टन इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट प्लांट तथा काशीपुर में 150 टन का इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट प्लांट प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए, जिस पर प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि नगर निगम काशीपुर में 150 टन का इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट प्लांट का प्रोजेक्ट प्लान की डीपीआर तैयार कर शीघ्र टेण्डर किया जाएगा तथा रूद्रपुर हेतु किच्छा में चिन्हित 5 हेक्टेयर भूमि पर 300 टन का इंटीग्रेटेड सॉलिड वेस्ट प्लांट की डीपीआर तैयार की जा रही है। जिलाधिकारी ने नगर निगम रूद्रपुर व काशीपुर में 25-25 मृत जानवरों के डिस्पोजल हेतु कारकस प्लांट की डीपीआर बनाने के निर्देश भी दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, उप नगर आयुक्त रूद्रपुर शिप्रा पांडे, सहायक आयुक्त राजू नबियाल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी हर्षपाल सिंह चण्डोक, कार्यदायी संस्था के क्षितिज सक्सेना, कमलेश कुमार साहू, आदित्य पांडे, सौरभ वर्मा आदि मौजूद थे।

किच्छा व्यापार मण्डल चुनाव पर रोक साजिश: वर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा व्यापार मण्डल चुनाव पर रोक लगाये जाने को व्यापार मण्डल प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा ने साजिश करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह अवैधानिक है। प्रशासन को शीघ्र चुनाव रोकने का निर्णय वापस लेना चाहिए। गुरूवार शाम सिटी क्लब में आयोजित बैठक में व्यापार मण्डल प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रशासन द्वारा किच्छा व्यापार मण्डल के चुनाव पर रोक लगाने का निर्णय अवैधानिक और व्यापारी विरोधी है। इसमें साजिश की बू आ रही है। उन्होंने कहा कि 2004 में व्यापार मण्डल का संविधान बना था इसके बाद से ही संगठन में लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराये जाते हैं। उन्होंने कहा कि किच्छा व्यापार मण्डल चुनाव को राजनीतिक रंग देकर जान बूझकर व्यापारियों के हितों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने एक तरफा निर्णय लेकर चुनाव पर रोक लगाई है। इससे पहले कई इकाईयों के चुनाव हुए लेकिन कहीं कोई दिक्कत नहीं आयी। पहली बार व्यापार मण्डल चुनाव में प्रशासन ने राजनैतिक दबाव के बाद हस्तक्षेप किया है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि किच्छा व्यापार मण्डल चुनाव पर लगाई गयी रोक जल्द नहीं हटायी गयी तो व्यापारी सड़क पर उतरेंगे। पत्रकार वार्ता में जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, ओमप्रकाश अरोरा, प्रमोद गोयल, राजेश अग्रवाल, निर्मल सिंह हंसपाल, विनीत जैन आदि भी रहे।

प्रभु का स्मरण ही कलयुग में मुक्ति का मार्ग

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में सावन मास के उपलक्ष में चल रही कथा के पंचम दिवस की कथा करते हुए कथा वाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री जी ने कहा कि भगवान की कथा और स्मरण से हृदय को निर्मल बनाओ उनके मंगलमय नाम का जाप करो यही कलयुग में मुक्ति पाने का मार्ग है,मनुष्य जीवन का लक्ष्य है परमात्मा से मिलन, जो इस लक्ष्य के लिए हरपल सावधान है वह संत है, जिसने अपना मन सुधारा वह संत है, मन को मृत्यु का भय दिखाओ तो

मन सुधरेगा, मृत्यु के स्मरण से मन सुधरता है और मृत्यु को भूलने पर मन बिगड़ता है। परीक्षित राजा ने जब सुना कि मैं सातवें दिन मरने वाला हूं सुनते ही विलासी जीवन का अंत हो गया। इस दौरान कथा श्रवण हेतु भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। प्रसाद की सेवा स्वर्गीय लक्ष्मण दास बजाज जी की पुण्यतिथि पर बजाज परिवार ,सभा के उपाध्यक्ष जगमोहन बजाज के परिवार द्वारा अपनी पोती ऋषिका बजाज पुत्री अरुण बजाज के जन्मदिन की खुशी में एवं समाजसेवी सदानंद के परिवार द्वारा दी गई।

शादी का झांसा देकर युवती के साथ दुष्कर्म

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की गुहार लगायी है। आरोप है कि आरोपी युवक ने युवती को प्रेम जाल में फंसाकर शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक सम्बंध बनाये। जब युवती ने शादी के लिए कहा तो आरोपी युवक 50 लाख की नगदी और फॉरच्यूनर कार की मांग करने लगा। रम्पुरा निवासी एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि दो वर्ष पूर्व उसकी मुलाकात सौरभ नाम के युवक से हुई थी, दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी तो उक्त युवक विवाह का प्रस्ताव रखा और विश्वास दिलाया कि वह हमेशा उसका ख्याल रखेगा। जिसके बाद युवक ने शादी का झांसा देकर शारीरिक सम्बंध भी बना लिये। बाद में जब युवक से शादी के लिए कहा तो उसने साफ इनकार कर दिया और जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए शादी करने के ऐवज में 50 लाख की नगदी और फॉरच्यूनर कार देने की मांग की। पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की गुहार लगायी है। फिलहाल पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

मोतीनगर बस्तीवासियों को पट्टे देने के लिए सौंपा ज्ञापन

हल्द्वानी।अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी के नेतृत्व में मोतीनगर, बरेली रोड, ग्राम पंचायत फत्तावंगर के अन्तर्गत बस्ती के लोगों ने सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी के माध्यम से जिलाधिकारी नैनीताल को ज्ञापन प्रेषित किया। किसान नेता बहादुर सिंह जंगी ने बताया कि, राष्ट्रीय राजमार्ग व जमरानी नहर के मध्य सन् 1971 से बसी बस्ती, जिसमें लगभग ढाई दर्जन परिवार निवास कर अपनी रोजी रोटी चलाते हैं। 54 वर्षो से मोतीनगर बस्ती में बसे परिवारों के नाम राजस्व खाते में दर्ज नहीं होने से कई विपत्तियों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे स्कूल, कालेज पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा, टैक्नोलॉजी आदि के लिए तथा बेरोजगार नवयुवकों, छोटे दुकानदारों को कारोबार करने, बढ़ाने के लिए बैंकों से ऋण अनुदान नहीं मिल पाता है। आवासीय भूमि के पट्टे नाम पर नहीं होने से आये दिन गरीब निम्न, मध्यम परिवारों पर शासन-प्रशासन की तलवार लटकी रहती है। उन्होंने बताया कि, बस्ती वासी शुरू से ग्रामसभा फत्ताबंगर से जुड़े हैं। परिवार रजिस्टर, राशन कार्ड, मतदाता सूची, विद्युत कनेक्शन, पानी का कनेक्शन ग्राम फत्ताबंगर के नाम से ही दर्ज है। जिलाधिकारी नैनीताल से मांग की गई कि मोतीनगर बस्ती की इस भूमि को ग्राम फत्तावंगर में दर्ज किया जाय और 54 वर्षों से उम्मीद के साथ टकटकी लगाये बैठे बस्तीवासियों को शासन-प्रशासन आवासीय पट्टे जारी करें। सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ने तत्काल लालकुआं तहसीलदार से फोन पर बात कर इस प्रक्रिया को शुरू करने को कहा। इसके साथ ही हल्द्वानी तहसील अंतर्गत आने वाले दीवाल खत्ते की पेयजल की समस्या का समाधान करने हेतु भी किसान महासभा द्वारा ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन देने वालों में बहादुर सिंह जंगी, अमित भट्ट, निखिलेश, जानकी आर्य, प्रकाश चन्द्र जोशी, अली हसन आदि शामिल रहे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

भारतीय खिलाड़ियों का दमखम

पिछले कुछ समय से खेलों की दुनिया में भारतीय खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जो उम्मीद जगाई है, उसे देखते हुए स्वाभाविक ही यह अपेक्षा होगी कि आज से फ्रांस के पेरिस में शुरू हो रहे ओलंपिक में भारत का नाम फिर चमकता हुआ दिखे। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने जैसा दमखम दिखाया, पदक तालिका में देश को एक सम्मानजनक जगह दिलाई, उसने देश के लोगों के भीतर खेलों को लेकर एक नया उमंग भर दिया है। 2020 में टोक्यो में हुए ओलंपिक में भारत ने सात पदक हासिल किए थे। यह ओलंपिक प्रतियोगिताओं में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।जाहिर है, इस बार न केवल देश के लोगों को इससे ज्यादा पदक जीतने की उम्मीद होगी, बल्कि खुद भारतीय खिलाड़ियों का भी लक्ष्य यही होगा कि अपने पदकों की संख्या को कम से कम दस के पार ले जाया जाए। हालांकि ओलंपिक में शामिल होने वाले सभी देश अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन और पदकों पर कब्जा जमाने के मकसद को ध्यान में रखते हुए ही तैयारी करते हैं। मगर हाल के वर्षों में कई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन में गुणात्मक सुधार के मद्देनजर काफी संभावनाएं दिख रही हैं। गौरतलब है कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भारत की ओर से एक सौ सत्रह एथलीट हिस्सा लेने पहुंचे हैं। इन खिलाड़ियों को यह ध्यान रखने की जरूरत है कि हौसला किसी भी मैदान में हाथ से छूटती बाजी को लपक लेने का सबसे बड़ा हथियार होता है। पिछले ओलंपिक में भाला फेंक में नीरज चोपड़ा ने जिस तरह स्वर्ण पदक जीता था, अब इस ओलंपिक में भी उनसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा, तीरंदाजी, कुश्ती, हाकी और बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ियों से पदक की अपेक्षा की जा सकती है। यह भी देखने की बात होगी कि पिछले साल एक अप्रिय विवाद से गुजरने के बाद कुश्ती में भारतीय खिलाड़ी क्या ला पाते हैं। यह सही है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस सबसे चुनौतीपूर्ण प्रतियोगिता में भारत के लिए चुनौती भी बड़ी है। मगर उम्मीद की जानी चाहिए कि अलग-अलग खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले प्रबंधन ने इस स्तर की तैयारी कराई होगी कि पदक तालिका में भारत को एक सम्माजनक जगह हासिल करने की संभावना बनेगी।

करिश्मा ने लिखा एक पेड़ मां के नाम पर सबसे अच्छा निबंध

गरुड़(उद संवाददाता)। शहीद राम सिंह बोरा राजकीय जूनियर हाईस्कूल भगरतोला में एक पेड़ मां के नाम पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में करिश्मा बोरा ने सबसे अच्छा निबंध लिखा। इस मौके पर बच्चों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने पौधारोपण भी किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक महेश पंत ने प्रतियोगिता की शुरुआत करते हुए कहा कि वनाग्नि से प्रतिवर्ष जितने पेड़ों को नुकसान हो रहा है, उससे अधिक हमें पेड़ लगाने चाहिए। जिससे आने वाली पीढ़ी को उसका लाभ मिल सके। उन्होंने सरकार की पौधारोपण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। इस मौके पर आयिजित निबंध प्रतियोगिता में करिश्मा बोरा ने प्रथम, गरिमा बरोलिया ने द्वितीय और हर्षित जोशी ने तृतीय प्राप्त किया। इस अवसर पर मोहम्मद यूसुफ, भागीरथी मर्तोलिया, वंदना पंत, रमेश भयेड़ा, आनंदी देवी, नीमा देवी, मंजू देवी आदि उपस्थित थे।

उत्तर भारत में बढ़ती भूजल की निर्भरता

हमारे देश में बीते 77 सालों के भीतर जिस तेजी से कृत्रिम, भौतिक और उपभोक्तावादी संस्कृति को बढावा देने वाली वस्तुओं का उत्पादन बढ़ा है, उतनी ही तेजी से प्राकृतिक संसाधनों का या तो क्षरण हुआ है या उनकी उपलब्धता घटी है। ऐसे प्राकृतिक संसाधनों में से एक है 'पानी' ! 'जल ही जीवन है' की वास्तविकता से अवगत होने के बावजूद पानी की उपलब्धता भूमि के नीचे और ऊपर निरंतर कम होती रही है। नतीजतन भारत तेजी से भू-जल की कमी के चरम बिंदु की ओर बढ़ रहा है। कुछ क्षेत्र पहले से ही इस स्थिति का सामना कर रहे हैं और कुछ में 2025 तक इसका असर दिखना शुरू हो जाएगा। यह संकट जल और खाद्यान दोनों की उपलब्धता को प्रभावित करेगा। हाल ही में जारी आईआईटी गांधीनगर के शोधकर्ताओं का अध्ययन बताता हैं कि जलवायु परिवर्तन के चलते खाद्यान्न की खान कहे जाने वाले उत्तर भारत ने पिछले 20 साल में अपनी बहुमूल्य 450 घन किमी भूजल संपदा को बर्बाद कर दिया है। यह संपदा इतनी बड़ी है कि इससे देश के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध को 37 बार लबालब भरा जा सकता है। इस भू-भाग में मानसूनी बारिश की कमी और सर्दियों में अपेक्षाकृत बढ़ते गर्म दिनों के चलते फसलों की सिंचाई के लिए भूजल की निर्भरता निरंतर बढ़ रही है। गोया, भूमि के भीतर का पानी लगातार घट रहा है। बरसाती जल को सहेजने के प्रयास चर्चा में तो बहुत रहते हैं, लेकिन नतीजे ढांक के तीन पात ही रहे हैं। सुधारतियों ने अपने अध्ययन में पाया है कि समूचे उत्तर भारत में 1951-2021 की अवधि के दौरान बरसात के मौसम (जून से सितंबर) में बारिश में 8.5 प्रतिशत की कमी आई है। इसी अवधि के दौरान इस क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। हेदराबाद स्थित राष्ट्रीय भू-भौतिकी अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के सुथारतियों के दल ने अध्ययन में पाया है कि मानसून के दौरान कम बारिश होने और सर्दियों के दौरान तापमान बढ़ने के कारण सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ेगी और इसके कारण भूजल पुनर्भरण में कमी आएगी। नतीजतन उत्तर भारत में पहले से ही कम हो रहे भूजल संसाधन पर और अधिक दबाब बढ़ेगा। अध्ययन में पाया कि मानसून के दौरान बारिश कम होने से भूजल की अधिक जरूरत पड़ती है और सर्दियों में तापमान अधिक होने से मिट्टी अपेक्षाकृत शुष्क हो जाती है। फलस्वरूप बार-बार फसल को सिंचाई की जरूरत होती है। जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश की कमी और बढ़ते तापमान के चलते भूजल पुनर्भरण में लगभग छह-12 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है। इसी कालखंड में सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ गई है। अतएव हमें अधिक दिनों तक धीमी बारिश की जरूरत है। परंतु विडंबना है कि बारिश पर अधिकार आदमी का नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार 70 फीसदी जल का उपयोग खेती-किसानी के लिए होता है। दुनिया की छह पर्यावरणीय प्रणालियां जल का स्तर नीचे गिरने और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के चलते संकट के चरम बिंदु पर हैं। यदि हालात नहीं बदले तो जीव-जंतु विलुप्त होंगे, भू-जल घटेगा, हिमखंड पिघलेंगे और यदि अंतरिक्ष में कचरा बढ़ता रहा तो असहनीय गरमी पड़ेगी। जो जीव-जगत के भविष्य के लिए चिंताजनक है। प्राकृतिक संपदा का दोहन और उसमें अनावश्यक हस्तक्षेप विनाशकारी बदलाव लाएंगे। इसका पारिस्थितिकी तंत्र, जलवायु पद्धति और समग्र पर्यावरण पर गंभीर असर दिखेगा। रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब में पहले से ही भू-जल अधिकतम निचले स्तर पर है। भारत दुनिया में सबसे ज्यादा भू-जल का इस्तेमाल करता है। यह अमेरिका और चीन दोनों के कुल प्रयोग से कहीं अधिक है। भारत का उत्तरी-पश्चिमी इलाका देश की खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिहाज से अहम् है, लेकिन यहां तेजी से भू-जल का स्तर गिर रहा है। नतीजतन इसके दुष्परिणाम 2025 तक दिखना शुरू हो जाएंगे। जल स्रोत सूखने लग जाएंगे, जिसका असर खेती पर पड़ेगा। आजादी के दौरान प्रति व्यक्ति सालाना दर के हिसाब से पानी की उपलब्धता छह हजार घनमीटर थी, जो अब घटकर करीब डेढ़ हजार घनमीटर रह गई है। जिस तेजी से पानी के इस्तेमाल के लिए दबाव बढ़ रहा है और जिस बेरहमी से भूमि के नीचे के जल का दोहन नलकूपों से किया जा रहा है, उससे यह निश्चित-सा हो जाता है कि अगले कुछ साल बाद जल की उपलब्धता घटकर बमुश्किल सोलह सौ कि जगह हजार-ग्यारह सौ घनमीटर रह जाएगी। टाटा एनर्जी रिसर्च इंस्टीट्यूट (टेरी) के अनुसंधानपरक अध्ययनों से साबित हुआ है कि भूमिगत जल का आवश्यकता से अधिक प्रयोग से भावी पीढ़ियों को कालांतर में जबरदस्त जल संकट का सामना करना होगा। नलकूपों के उत्खनन संबंधी जिन आंकड़ों को हमने 'क्रांति' की संज्ञा दी थी, दरअसल यह संज्ञा तबाही की पूर्व सूचना थी, जिसे हम नजरअंदाज करते चले आ रहे हैं। परंतु यह आशंका अब सच्चाई में बदलती नजर आ रही है। खद्यान्न सुलभता के आंकड़ों को पिछले 77 साल की एक बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है, लेकिन इस खाद्यान्न उत्पादन के लिए जिस हरित क्रांति प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है, उसके कारण नलकूपों की संख्या कुकुरमुत्तों की तरह बढ़ी, फलस्वरूप उतनी ही तेजी से भूमिगत जल की उपलब्धता घटी केंद्रीय भूजल बोर्ड के अनुसार नलकूप खुदाई की आमतौर से प्रचलित तकनीक गलत है। इस के लिए जमीन के भीतर तीस मीटर तक विधिवत सीलिंग होनी चाहिए ताकि जमीन की इस गहराई वाले हिस्से का पानी अपने क्षेत्र में सुरक्षित रहे। इसके बाद नीचे की खुदाई जारी रखनी चाहिए। इस तकनीक के अपनाने से खर्च में 30 हजार रूपये की बढ़ोत्तरी जरूर होती है, लेकिन भू-जल स्तर में गिरावट नहीं आती। लेकिन इस तकनीक के अनुसार नलकूपों का उत्खनन देश में नहीं किया गया। अध्ययन के अनुसार 1947 में कोई एक हजार के करीब नलकूप पूरे देश में थे, जिनकी संख्या अब कई करोड़ हो गई है। सस्ती अथवा मुफ्त बिजली देने से नलकूपों की संख्या में और बढ़ोत्तरी हुई है। पंजाब और मध्यप्रदेश की सरकारों ने किसानों को मुफ्त बिजली देकर नलकूप खनन को बेवजह प्रोत्साहित किया हुआ है। पंजाब के 12, हरियाणा के 3, मध्यप्रदेश के 15 जिलों से पानी ज्यादा निकाला जा रहा है, जबकि वर्षाजल से उसकी भरपाई नहीं हो पा रही है। गुजरात के मेहसाणा और और तमिलनाडु के कोयम्बतूर जिलों में तो भूमिगत जल एकदम खत्म ही हो गया है। हरियाणा के कुरूक्षेत्र और महेन्द्रगढ़, मध्यप्रदेश के खण्डवा, खरगोन और भिण्ड जिलों में प्रति वर्ष जल की सतह आधा मीटर नीचे खिसक रही है। जल के नीचे उतर जाने से इस जल को ऊपर खींचने में ज्यादा बिजली खर्च हो रही है। जिन जल क्षेत्रों में पानी का अत्याधिक दोहन हो चुका है, वहां पानी खींचने के खर्च में 5000 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। सिंचाई के लिए सौर्य ऊर्जा संयंत्रों पर छूट इनकी संख्या बढ़ा रही है। नलकूपों से बड़ी मात्रा में खनन से कुओं के जलस्तर पर जबर्दस्त प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। कुओं की हालत यह है कि 75 प्रतिशत कुएं हर साल दिसम्बर माह में, 10 प्रतिशत जनवरी में और 10 प्रतिशत अप्रैल माह में सूख जाते हैं। एक ट्यूबवैल 5 से 10 कुओं का पानी सोख लेता है। जल विशेषज्ञ और पर्यावरणविद् भी अब मानने लगे हैं कि जल स्तर को नष्ट करने और जल धाराओं की गति अवरुद्ध करने में नलकूपों की मुख्य भूमिका रही है। नलकूपों के खनन में तेजी आने से पहले तक कुओं में लबालब पानी रहता था, लेकिन सफल नलकूपों की पूरी एक श्रृंखला तैयार होने के बाद कुएं समय से पहले सूखने लगे हैं। भूमि संरक्षण विभाग के अधिकारियों का इस सिलसिले में कहना है कि भूमि में 210 से लेकर 330 फीट तक छेद (बोर) कर दिए जाने से धरती की परतों में बह रही जलधाराएं नीचे चली जाती हैं। इससे जलस्तर भी नीचे चला जाता है। नलकूपों का खनन करने वाली आधुनिक मशीनों के चलने में धरती की परतों का बहुत बड़ा क्षेत्र प्रकंपित होता है। इससे अविरल बह रही जलधाराओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। नतीजतन सैंकड़ों साल की प्रक्रिया से अस्तित्व में आने वाली जलधाराओं की संरचना अस्त-व्यस्त हो जाती है। जबकि जलस्तर को स्थिर बनाए रखने में यही धराएं सहायक रहती हैं। अंधाधुंध नलकूपों के गहरीकरण पर तत्काल नियंत्रण लगाकर इसके वैकल्पिक उपाय नहीं तलाशे गए तो कालांतर में जबर्दस्त संकट जल की कमी और जल प्रदूषण का होगा। इस समस्या के निराकरण के सार्थक उपाय बड़ी मात्रा में पारंपरिक जलग्रहण के भण्डार तैयार करना है। पारंपरिक मानते हुये जलग्रहण की इन तकनीकों की हमने पिछले 77 सालों में घोर उपेक्षा की है।

प्रमोद भार्गव, लेखक, वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।

कुपोषित बच्चों व गर्भवती महिलाओं की हुई स्वास्थ जांच

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ भारत परियोजना कार्यक्रम के अंतर्गत किच्छा के पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सभी कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन की कुशल चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। उनको निशुल्क दवाइयां का वितरण किया गया। चिकित्सकों द्वारा कुपोषित बच्चों की माताओं को अच्छी खानपान की आदतों एवम साफ सफाई के बारे मे बताया गया। गर्भवती महिलाओं को आयरन एवम कैल्शियम की आवश्यकता एवम खानपान में संतुलित एवम पौष्टिक भोजन के बारे मे बताया गया। ब्रिटानिया न्यूट्रीशन फाउंडेशन के क्षेत्र समन्वयक पूनम शर्मा एवं दीपा नयाल ने बताया कि बच्चों की प्रारंभ से ही बेहतर देखभाल के साथ ही उन्हें पौष्टिक आहार खिलाना चाहिए। साथ ही बच्चों को खेल व शारीरिक व्यायाम के प्रति भी प्रोत्साहित करना चाहिए। इससे उनके शरीर को ताकत एवं मजबूती मिलती है।बन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को हमेशा पौष्टिक आहार के साथ हरी सब्जियां, फल, मोटा अनाज, डॉक्टर की सलाह पर आयरन व कैल्शियम की गोलियां खानी चाहिए। इससे गर्भवती महिलाओं के साथ ही गर्भ में पल रहे शिशु को ताकत मिलती है। उन्होंने बताया कि ब्रिटानिया न्यूट्रिशन फाउंडेशन द्वारा जनहित में समय समय पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए।

स्कूल प्रबंधन लटवाल की पत्नी का निधन

गूलरभोज(उद संवाददाता)।जीके कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधक गोविंद लटवाल की धर्मपत्नी शांति देवी लटवाल का आकस्मिक निधन हो गया। 55 वर्षीरू शांति देवी पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। बृहस्पतिवार रात उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम सामाजिक राजनीतिक व्यापारिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया।

मार्ग निर्माण के लंबित मामलों और वन भूमि के मामलों के निराकरण को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिले में सड़क मार्ग निर्माण को लेकर वन भूमि की अड़चनों को दूर करने एवं लम्बित सड़क मार्गो के प्रस्तावों को लेकरदर्जा राज्य मंत्री और पीएमजीएसवाई के उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट व विधायक पार्वती दास की उपस्थिति में जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।गुरुवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने वन भूमि हस्तांतरण को लेकर लम्बित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी विभाग के पास 16 वन भूमि हस्तांतरण के लम्बित प्रकरणों को लेकर जिलाधिकारी ने एक-एक सड़क मार्ग के प्रस्तावों का समय निधारित करते हुए निस्तारण करने के निर्देश लोनिवि को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन सड़क मार्गो के मानचित्र स्वीकृति,स्मरेखण,सर्वेक्षण,मुआवजा आदि प्रक्रियाओं की औपचारिकता होनी है उन्हें शीघ्र पूरी कर ली जाए। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों के सीए लैंड से संबंधित प्रकरण है वे एक सप्ताह के भीतर उपजिलाधिकारी कपकोट को रिपोर्ट भेज दें, ताकि उनका समय से निस्तारण किया जा सके। बैठक में वन विभाग द्वारा बताया गया कि लोनिवि बागेश्वर के पास 20, लोनिवि कपकोट के पास 12, ग्रामीण निर्माण विभाग एक, लोनिवि रानीखेत दो, पेयजल निगम 11, परिवहन एक, सेना तीन व हाइड्रो पॉवर के पास एक प्रकरण लंबित है। बैठक लेते हुए पीएमजीएसवाई उपाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट ने कहा कि जिले में कई ऐसी सड़के है,जिनका जनहित में बनाया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वन भूमि हस्तांतरण को लेकर लम्बित सड़क मार्ग के कार्यों में तेजी लायी जाए। विधायक बागेश्वर पार्वती दास ने कहा कि विधानसभा बागेश्वर में वन भूमि हस्तांतरण के प्रकरण काफी लम्बे समय से लंबित है। जिनका जल्द निस्तारण किया जाना है। ताकि स्थानीय जनता को इसका लाभ मिल सके।बैठक में उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, एसडीओ सुनील कुमार, संभागीय परिवहन अधिकारी रत्नाकर सिंह, सहायक अभियंता विजेंद्र मेहरा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

जिला अस्पताल के आधुनिकीकरण के नाम पर घोटाले की जांच की मांग

सरकार के खिलाफ 15 अगस्त से आमरण अनशन पर बैठने की चेतावनी

बागेश्वर(उद संवाददाता)। जिला अस्पताल को आधुनिक बनाने के नाम पर पुराने भवन की मरम्मत कर उसी भवन को नया बनाने के लिए शासन द्वारा स्वीकृत धनराशि का दुरुपयोग होने पर कांग्रेस महामंत्री ने सवाल उठाए है। कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री कवि जोशी ने कहा है कि जिला बनने के बाद से यहां के विधायकों ने जनपद की स्वास्थ्य सुविधा पर ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण यहां से मरीजों को रेफर करना पड़ता है। जिसमें पूर्व मंत्री स्व चंदन दास का इलाज नहीं हो सका व गत दिनों वर्तमान विधायक पार्वती दास को भी एयर लिफट करना पड़ा। वही जिला अस्पताल को आधुनिक बनाने के दावे के बाद भी जिला अस्पताल के पुराने भवन की हल्की मरम्मत कर दीवारों को तोड़कर उनमें पुराने टाइलों को उखाड़कर नए निर्माण के नाम पर करोड़ो की धनराशि एक बाहरी कम्पनी को ठेके पर सरकार द्वारा दिया गया है।वही पुराने भवन को पुनर्निर्माण के नाम पर सरकार से आवंटित हुए बजट से किसी अन्य स्थान पर बहुर्मंजिला आधुनिक भवन निर्माण हो पाने की बात कहते हुए जिला अस्पताल को मिली धनराशि में छोटे स्तर से उपरी स्तर तक कमीशन बाजी और भ्रस्टाचार होने की आशंका जताई है।और इस मुददे पर आंदोलन करने की बात कही है।वही 10 अगस्त को जिले के सभी जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आक्रोश जताते हुए सामूहिक अंतिमयात्रा और मुखाग्नि देने की चेतावनी दी है। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कवि जोशी ने कहा कि जिला बनने के बाद भी यहां की स्वास्थ्य सुविधाओं में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। जिले में बेस अस्पताल की घोषणा होने के बाद भी नींव तक नहीं डली है। पिछले 18 सालों से बागेश्वर में भाजपा के विधायक हैं तथा आठ साल भाजपा के विधायक कपकोट से रहे परंतु जिले में जिला चिकित्सालय नहीं बन पाया है। किसी ने भी इस मुददे पर जनता की सुध लेने की आवश्यकता नहीं समझी। कहा कि विधायक पार्वती दास के स्वास्थ्य खराब होने पर उन्हें एयर लिफट किया गया परंतु आम जनता को रेफर किया जाता है तथा वह आर्थिक संकट से जूझती है। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय में पेयजल, सफाई व भोजन की व्यवस्था बेकार हो चली है परंतु कोई भी इस मुददे पर ध्यान नहीं दे रहा है। वही कपकोट विधायक भी मुख्यमंत्री के करीबी होने से उनके द्वारा भी कई बार जिला अस्पताल का निरीक्षण किया जा चुका है, परन्तु अब भी आधुनिकता के नाम पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था के बाद भी मरीजों को जांच केके लिए वेटिंग दी जा रही है, जिस कारण मरीज मनमाने दामों पर निजी अल्ट्रासाउंड से जांच कराने को मजबूर हो रहे हैं।उन्होंने जिलाअस्पताल में सभी जांचों की व्यवस्था के बाद भी मरीजो को बाहरी लैब में टेस्टिंग करनी पड़ रही है।जबकि ङनिशुल्क जांच के लिए खुले चन्दन डायग्नोस्टिक में मरीजों को मनमाने तरीके से बिना पैथोलोजिस्ट के जांच के रिपोर्ट देने की बात कहते हुए कथित चिकित्सकों की लैब संचालकों से मिलीभगत और कुछ दवा कंपनियों से कमीशन बाजी होने से सभी दवाइया मरीजो को उपलब्ध नही हो पाने और कमीशनबाजी से मरीजों को भी महंगी दवाइयों की मार पड़ने की बात कहते हुए अस्पताल में सभी दवाइया उपलब्ध नही होने पर सवालिया निशान उठाए। वही बदहाल स्वास्थ व्यवस्था और जिला अस्पताल के आधुनिकीकरण के नाम पर करोड़ो रूपये के जारी बजट की की उच्चस्तरीय जांच नही होने पर 15 अगस्त को स्वतन्त्रा दिवस के मौके पर ध्वजारोहण के बाद आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है।साथ ही सभी वीआईपी के बहिष्कार करने की भी बात कही।इस दौरान सुनील पांडे गोकुल परिहार, राहुल कुमार, कुंदन गोस्वामी, भुवन भैसोड़ा, दिव्यांशु पिंडारी आदि उपस्थित थे।

विजय दिवस पर कारगिल शहीदों को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विजडम पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 25 वां कारगिल विजय दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। स्कूली शिक्षकों ने वीर अमर शहीदों को नमन कर उन्हें याद किया। स्कूल की हेड मिस्ट्रेस श्रीमती उषा मिश्रा ने बताया कि कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। शिक्षकों द्वारा कारगिल विजय दिवस पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्कूली शिक्षकों ने वीर अमर शहीदों को नमन कर उन्हें याद किया।बच्चों को भारत की तीनों सेनाओं थल, वायु और नौसेना एवं एक सैनिक के जीवन के बारे में भी बताया।बच्चों ने कविता, भाषण , नाटक, गीत द्वारा सेना को अपना सलाम किया। हम सभी को इन वीर योद्धाओं के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और जरूरत पड़ने पर अपने देश की खातिर अपना जीवन बलिदान करने के लिए तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर बच्चों की ओर से कारगिल विजय दिवस के शहीदों को सलामी दी। कार्यक्रम का समापन शिक्षिका श्रीमती अंजली रावत के द्वारा देशभक्ति गीत गाकर किया गया।

खेल के मैदान में दो युवकों में जमकर मारपीट, पैर तोड़ा

काशीपुर(उद संवाददाता)। ढकिया गुलाबो स्थित खेल के मैदान में एक बदमाश टाइप युवक ने मामूली बात पर बैट से भरकर युवक का पैर तोड़ डाला। मुंह खोलने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला महेशपुरा बाल्मीकि बस्ती निवासी प्रमोद कुमार पुत्र बाबूराम ने बताया कि बट 22 जुलाई की शाम लगभग 6:00 बजे जब उसका पुत्र तनुल ढकिया गुलाबो टांडा उज्जैन स्थित खेल के मैदान पर गया था इसी दौरान मोहल्ला महेशपुर निवासी मोहम्मद शहजाद पुत्र इदरीश ने अचानक गाली गलौज करते हुए बैट से जानलेवा हमला करते हुए उसका पैर तोड़ डाला। विरोध करने पर बदमाश युवक द्वारा उसे जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

मासूम बच्चे सहित महिला हुई लापता

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र से एक महिला अपने पांच माह के मासूम बच्चे सहित घर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मामले की जानकारी थाना पुलिस को दे दी गई है। शंकर दत्त सनवाल पुत्र गोविन्द बल्लभ सनवाल हाल निवासी अरविन्द नगर, ट्रांजिट कैम्प, मूल निवासी ग्राम पथरौला थाना दनिया जिला अल्मोड़ा का कहना है कि 23 जुलाई को सांय करीब 5 बजे उसकी पत्नी श्रीमती भावना सनवाल उम्र लगभग 25 वर्ष अपने साथ 5 माह के बच्चे को लेकर घर से बिना बताए कहीं चली गयी है। उसने अपनी पत्नी की सभी सम्भावित जगह पर खोजबीन कर ली है। लेकिन पत्नी व बच्चे का कोई पता नहीं चल रहा है।

हाथी के हमले में महिला की मौत

देहरादून। राजाजी टाइगर रिजर्व के मोतीचूर रेंज से सटे ग्राम पंचायत रायवाला में एक बुजुर्ग महिला दो अन्य महिलाओं के साथ जंगल गई थी। इस दौरान एक हाथी आ धमका। हाथी को देखकर महिलाएं भागने लगीं, लेकिन बुजुर्ग महिला को हाथी ने मौके पर ही दबोच लिया और अपनी सूंड से पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। अन्य दो महिलाएं वहां से भागने में कामयाब रहीं। उन्होंने घटना की जानकारी बुजुर्ग महिला के परिजनों को दी। इसके बाद सूचना पर वन विभाग कर्मी और पुलिस मौके पर पहुंचे। मृतक महिला की पहचान धूमा देवी (79) पत्नी घमंड सिंह निवासी अमरूद बगीचा, आडवाणी कॉलोनी, डांडी, रायवाला के रूप में की गई है।

पेज एक का शेष...

कारगिल विजय दिवस...अधिकारी द्वारा 21 स्कूली बच्चों को विद्यालयों में प्रतियोगिताओं एवं खेल में प्रतिभाग करने पर पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। कारगिल युद्ध देश भक्ति से सम्बंधित विद्यालयों में चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिता में कुल 9 बच्चों ने प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता शौर्य दिवस के अवसर पर खेल विभाग के द्वारा श्री मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम मे क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें दोनों वर्गो के कुल 12 बच्चों ने प्रतिभाग किया। निबंध प्रतियोगिता में कु. नेहा पासी प्रथम, कु. मुस्कान, द्वितीय व कु. प्रियंका तृतीय रहीं, भाषण प्रतियोगिता में अरबाईन प्रथम,खुशी शर्मा द्वितीय व आईशी दास तृतीय रहीं तथा चित्रकला में वंशिका वर्मा प्रथम, आकाशा आर्या द्वितीय व काजल कौर तृतीय स्थान पर रहीं। इसके साथ ही क्रॉस कंट्री रेस में ओपन बालक वर्ग में नीरज नेगी प्रथम, पुष्कर चंद्र द्वितीय, व प्रणव कुमार तृतीय रहे तथा ओपन बालिका वर्ग में अजरा बी पाशा प्रथम, मुस्कान द्वितीय व रजनी तृतीय स्थान पर रहीं जिन्हें कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। समारोह में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, एसपी क्राइम व यातायात, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, एसपी सिटी, उप जिलाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, पूर्व सैनिक अधिकारी लेफ्टिनेन्ट कर्नल आरपी सिंह (अप्रा), कर्नल, गुरदेव सिंह (अप्रा), एके झा (अप्रा), ले. कर्नल पवन रावत (अप्रा), पूर्व सैनिक सूबेदार खड़क सिंह कार्की, कोओर्डिनेटर राज्य सैनिक परिषद, पूर्व सूबेदार मेजर डीडी उपाध्याय अध्यक्ष पूर्व सैनिक लीग ऊधम सिंह नगर, हवलदार हीरा सिंह, पूर्व सूबेदार रूप सिंह रावत, आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कर्नल, चन्द्र बहादुर पुन (सेनि), सैनिक कल्याण अधिकारी ऊधम सिंह नगर द्वारा किया गया तथा इसके अतिरिक्त सूबे. आनन्द गिरि, सहायक अधिकारी, महेश चन्द्र भट्ट वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व पैटी ऑफिसर किशन सिंह रावत, पूर्व हवलदार सुनिल कुमार, पूर्व नायक सुदर्शन सिंह, पूर्व नायक गिरीश चन्द्र भट्ट, पूर्व हवलदार लक्ष्मण सिंह, पूर्व हवलदार रुप सिंह अधिकारी, पूर्व हवलदार अजय कुमार एवं जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के कार्मिकों ने कार्यक्रम संचालन में अपना अहम योगदान प्रदान कर शौर्य दिवस समारोह को सफल बनाया।

हर चुनौती को परास्त..छद्म युद्ध के सहारे खुद को प्रांसगिक प्रयास कर रह है।पीएम ने कहा कि आज मैं इस मंच से बोल रहा हूं। यहां से आतंकवाद के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई दे रही है। मैं उन्हें कह देना चाहता हूं कि उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे। दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। साथियों लद्दाख हो या फिर जम्मू कश्मीर विकास के सामने आ रही हर चुनौती को भारत परास्त करके ही रहेगा। कुछ ही दिन बाद 370 को निरस्त हुए पांच वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। आज जम्मू कश्मीर नए सपनों की बात कर रहा है। आज जम्मू कश्मीर में जी20 जैसे सम्मेलन आयोजन कर रहा है। दशकों के बाद कश्मीर में सिनेमा घर खुले हैं। तीन दशकों के बाद श्रीनगर में ताजिया निकला है। जम्मू कश्मीर तेजी से शांति और सौहार्द के पथ पर आगे बढ़ रहा है। पीएम मोदी ने कहा सेना ने तय किया है कि पांच हजार चीजें बाहर से नहीं मंगाई जाएंगी। हमारी सेना ने बीते वर्षों में कई साहसिक निर्णय लिए हैं। इसका एक उदाहरण अग्निपथ योजना भी है। अग्निपथ का लक्ष्य सेना को युवा बनाना, निरंतर योग्य बनाना है। सेना को लोगों में राजनीति का अखाड़ा बनाया। सेनाओं को घोटालों से कमजोर किया। अग्निपथ से देश की ताकत बढ़ेगी। प्राइवेट और पैरा फोर्सेज में अग्निविरों को प्राथमिकता मिलेगी। भारत का युवा मातृभूमि की सेवा के लिए आगे आएगा।

लिव इन रिलेशन..आपसी सौहार्द का गुलदस्ता है वह इन बढ़ती हुई सामाजिक कुरीतियों को कभी भी स्वीकार नहीं करेगा। अपने-अपने धर्म के भीतर ही इस तरह के लिव इन रिलेशन को सामाजिक एवं कानूनी मान्यता दिया जाना आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वीकार हो सकता है परंतु यह भी मन से नहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे रिश्तों में अक्सर धोखा होता है और कुछ समय बाद इनमें बिखराव हो जाता है। पूर्व विधायक ने कहा कि ऐसे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाता है जिसके लिए उन्हें सारी जिंदगी पछताना पड़ता है। आगे श्री चीमा ने यह भी कहा कि ऐसे रिश्तों को सुरक्षा प्रदान करने व आपस में शादी करने की स्वीकृति देने से निश्चित तौर पर समाज में आपसी भाईचारा व रिश्ते खराब होंगे। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता का उपयोग लोगों की तरक्की के लिए होना चाहिए ना कि धार्मिक रिश्तो में बिखराव के लिए। श्री चीमा का मानना है कि धार्मिक क्षेत्र में इसके प्रयोग को मान्यता दिए जाने से अवश्य सभी धर्मों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के रिश्तों से प्रभावित परिवारों को समाज कभी भी स्वीकार नहीं करता है। जो एक सच्चाई है और उन्हें सामाजिक उपहास का सामना करना पड़ता है।

सरकार के खिलाफ...सेवाओं का विस्तार करने, कालाढुंगी क्षेत्र में मुंसिफ कोर्ट एवं कृषि उत्पादन मण्डी समिति स्थापित करने, जंगली जानवरों से बचाव के लिए जंगल से सटे इलाकों में फैनसिंग की व्यवस्थ्ला करने, कोटाब और पवलगढ़ क्षेत्र को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने, जल जीवन मिशन के कार्यों में हो रही धांधली को रोकने, कोटाबाग क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा, पॉलीटैक्निक, आईटीआई कालेज की स्थापना करने, कालाढुंगी और कोटाबाग क्षेत्र में आबादी के विस्तार के देखते हुए रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने, मिनी स्टेडिरूम का निर्माण करने, चकलुआ क्षेत्र में चल रहे एथोनॉल प्लान्ट को जनहित में शीघ्र बंद करने, कालाढुंगी हल्द्वानी मुख्य मार्ग में चकलुआ के पास बाईपास का निर्माण करने सहित कई मांगें उठाई है। साथ ही जनसमस्याओं का निस्तारण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। विरोध प्रदर्शन में पूर्व सांसद महेन्द्र पाल, हल्द्वानी के विधायक सुमित हृदयेश, पूर्व विधायक संजीव आर्या, जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व प्रदेश महासचिव नदीम अहमद, पूर्व कनिष्ठ प्रमुख हल्द्वानी जया कर्नाटक, सतीश नैनवाल, भोला भट्ट, तारा सिंह नेगी, दीप सती, संजय किरौला, चंदन बिष्ट, राजेन्द्र बिष्ट, वकील अहमद, दिनेश बुधानी, विक्रम सावंत, कुंदन नेगी, डा. मयंक भट्ट, योगेश जोशी, हाजी सुहेल सिददीकी, प्रकाश पाण्डे, महेश काण्डपाल, राजेन्द्र खनवाल, हेमवती नंदन दुर्गापाल, दीप पाठक, इकबाल अंसारी, उमेश कबड़वाल, भुवन पाण्डे, संजय सिंह बिष्ट, जगमोहन सिंह चिलवाल, रेनू तोमर, राधा शर्मा, रजनी देवी, भगवती आर्या, पुष्पा तिवारी, बबिता, कमला देवी सहित सैकड़ों कांग्रेसी थे।

वार्ता के बाद ..अन्याय नहीं होने दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को विश्वास में लेकर ही निर्णय लिया जाना चाहिए। इस दौरान शुक्ला के साथ संजीव सिंह, मनमोहन सिंह, संदीप अरोड़ा, नितिन फुटेला, विजय अरोड़ा,राजकुमार बजाज, ऋषि बजाज, धर्मराज जायसवाल, सुमित तनेजा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

चोरी की दो ...की रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक और चोरी की बाईक बरामद की। उक्त बाईक बिलासपुर से चुराने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि वाहन चोरको कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया। पुलिस टीम में आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद बहुगुणा, एसआई मनोज जलाल, अनिल भारती, पंकज सजवान आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

अमर शहीदों का ..की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी। उनकी शहादत को आने वाली पीढ़ियां कभी नहीं भूल सकती। इस मौके पर जसबीर बठला, संता सिंह, जुगनू, बिल्ला, सुंदर सिंह, राजपाल सिंह, राजवीर सिंह,गुफरंजन,राजेश बजाज, शिवकुमार शिबू, सनी पासवान ,राममिलन ,राज कोली आदि मौजूद थे।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट (रोल नं0 23117718) की मूल प्रति दिनांक 10 जुलाई 2024 को ट्रांजिट कैम्प जाते समय रास्ते में गिरने से वास्तव में कहीं गुम हो गयी है। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पाई।

जितेन्द्र पुत्र श्री लेखराज,
निवासी-वार्ड नं0-2, कृष्णा
कॉलोनी, ट्रांजिट कैम्प, रूद्रपुर,
जिला उधम सिंह नगर, उत्तराखण्ड

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने अपना नाम Lavnika (लवनिका) से बदलकर अब Lavnika Sethi (लवनिका सेठी) कर लिया है अतः अब से भविष्य में मुझे Lavnika Sethi (लवनिका सेठी) पुत्री योगेश सेठी (Yogesh Sethi) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

वर्तमान पता :- Lavnika Sethi
D/o Yogesh Sethi ,G-48,
Kingston Estate, Alliance
Colony, Bhoora Rani,
Rudrapur,Udham Singh
Nagar,Uttarakhand

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स,
श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

कैलाशो देवी, कात्यानी व नैनी पेपर्स मिलें उगल रही हैं जहर

नदी नालों में छोड़ा जा रहा है केमिकल युक्त पानी, चिमनियों से उड़ती है राख निकल रहा जहरीला धुआं, क्षेत्र में तेजी से बढ़ रही स्वांस व नेत्र संबंधी बीमारियां

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। कुंडा थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर संचालित कुछ पेपर मिलें एनजीटी के नियम कायदों को ताक पर रखकर प्रदूषण के रूप में जहर उगल रही है। इन पेपर मिलों के खिलाफ कार्यवाही को लेकर प्रदूषण विभाग का किरदार बेहद संदिग्ध है। बेतहाशा हो रहे प्रदूषण के कारण इंसानी जिंदगियों को जान का खतरा सताने लगा है। लोग तेजी से गंभीर बीमारियों के शिकार हो रहे हैं तो वहीं भूतल के अलावा नदी नालों में पेपर मिलों के केमिकल युक्त पानी छोड़े जाने के कारण जलीय जीव जंतुओं की शामत है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि पूर्व में कई बार आसपास के ग्रामीणों ने पेपर मिलों से होने वाले प्रदूषण को लेकर लिखित रूप में जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायत किया लेकिन उद्यमियों की सरकार में मजबूत पकड़ होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं हो सकी। जानकारी के मुताबिक जसपुर रोड पर ग्राम लालपुर में संचालित कैलाशो देवी पल्प्स एण्ड पेपर प्रोडक्ट नामक पेपर मिल एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) के सभी मानकों को दरकिनार करते हुए क्षेत्र में बुरी तरह प्रदूषण फैला रही है। ग्रामीणों ने बताया कि रात में पेपर के बॉयलर को जब रद्दी और पन्नियों को जलाकर हीट किया जाता है तो पेड़ पौधों की शामत आ जाती है। पेपर मिल की चिमनी से निकलने वाले गाढे एवं जहरीले धुएं के कारण लोग स्वांस एवं नेत्र जैसे गंभीर रोगों की शिकार हो रहे हैं। चिमनी से धुएं के रूप में निकल रही राख के कारण आसपास के ग्रामीणों का जीना दुश्वार है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अभी कुछ माह पूर्व एक किसान के खेत में पेपर मिल द्वारा केमिकल युक्त पानी छोड़ दिया गया। फसल बर्बाद होने पर किसान ने इसकी शिकायत लिखित रूप में संबंधित अधिकारी से की। मिल प्रबंधन को जब पता चला तो किसान से लेनदेन कर मामले को खत्म कर दिया। लेकिन यह फौरी विकल्प भविष्य के लिए बेहद घातक है। इसी तरह जसपुर रोड पर ग्राम कुदैयावाला में संचालित कात्यानी पेपर मिल क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने को लेकर कुख्यात हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि पेपर मिल का केमिकल युक्त पानी समीप से होकर जा रहे एक नहर में छोड़ा जा रहा है। बरसात के कारण पानी जब फ्लो मारता है तो विषैला पानी किसानों के खेतों में चला जाता है और फसल लगातार चौपट होने के कगार पर है। इस पेपर मिल की चिमनी से निकलने वाले धुएं के कारण दर्जनों की तादाद में लोग नेत्र रोग तथा स्वांस के मरीज हो गए लेकिन आज तक मालिकों की मजबूत पकड़ के कारण प्रदूषण विभाग द्वारा इस पेपर मिल के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। जानकार सूत्रों का कहना है कि इस पेपर मिल में भी प्लास्टिक की पन्नियां एवं रद्दी जलाकर बॉयलर को हिट किया जाता है जिससे क्षेत्र में भारी प्रदूषण हो रहा है। इसी तरह मुरादाबाद रोड पर सूर्या पुलिस चौकी के ठीक बगल संचालित नैनी पेपर्स अपने अजब गजब कारनामों के कारण हमेशा से सुर्खियों में रही। सूत्रों का कहना है कि नैनी पेपर मिल से भी क्षेत्र में भारी प्रदूषण हो रहा है। बताया गया कि उपरोक्त तीनों पेपर मिलों में ट्रीटमेंट प्लांट नहीं चलाए जाते क्योंकि उसमें बिजली का खर्च अत्यधिक आता है। तीनोंही पेपर मील लगभग एक ही फ्लो में क्षेत्र में प्रदूषण कर इंसानी जिंदगियों को खतरे में डालने का काम कर रही है।

कम खर्चे में कमा रहे मोटा मुनाफा

काशीपुर। पेपर मिलों में बेस्ट पॉलिथीन कचरे को बॉयलर में ईंधन के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। पॉलिथीन बॉयलर को तेजी से गर्म करता है। बताते हैं कि इससे बॉयलर देर तक गर्म रहता है और पेपर उत्पादन क्षमता बढ़ जाती है जबकि जो मानक दिए गए हैं उसके हिसाब से बॉयलर में लकड़ी गिट्टी या कोयला डालना चाहिए लेकिन काफी महंगा होने के साथ ही उपरोक्त ईंधन से बॉयलर देर में गर्म होता है। इसके अलावा इस ईंधन को जलाने के लिए एसटीपी प्लांट की भी जरूरत होती है जबकि बेस्ट पॉलीथीन कचरा जलाने के लिए किसी प्लाट की आवश्यकता नहीं। बताया जा रहा है कि मोटा मुनाफा कमाने के चक्कर में मिल संचालक बेस्ट पॉलिथीन कचरे को जलाने का मोह त्याग नहीं पा रहे हैं।

Naini Papers Ltd.

नये प्रतिष्ठान फलासम बुटीक का हुआ भव्य शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पांच मंदिर के पास नये प्रतिष्ठान फलासम बुटीक का श्री सनातन धर्म सभा के पूर्व प्रधान नंद लाल भुड्डी ने विधिवत पूजा अर्चना के साथ रीबन काटकर उदघाटन किया। इस अवसर पर तमाम लोगों ने बुटीक संचालिका को शुभकामनाएं देते हुए प्रतिष्ठान के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सुभाष भुड्डी, निमिष भुड्डी, शगुन भुड्डी, सिमरन ठुकराल, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, तराई मर्चेन्ट चेम्बर के अध्यक्ष राजेश घीक बल्लू, श्री सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, इंदू भुड्डी, कोमल ठुकराल, सिया भुड्डी, शिवम ठुकराल, राजकुमार भुड्डी, जगदीश सुखीजा, अंकित अग्रवाल ,व्यापार मण्डल अध्यक्ष संजय जुनेजा, भारत भूषण चुघ, संजय ठुकराल, राजेश ग्रोवर, सुधीर अरोरा, पंकज सुखीजा, सुरेन्द्र सिंह सरजू, ओमप्रकाश घीक, बिल्लू भुड्डी, हरीश मेहंदीरत्ता, सुशील घीक, कार्तिक घीक, अरूण मेहंदीरत्ता, सतीश घीक, शिवशंकर सागर, बिल्लू भुड्डी, विनोद चावला, मुलखराज ठुकराल,ओमप्रकाश पप्पू, विशाल भुड्डी, विपिन राजपूत आदि मौजूद थे।

वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। बीते दिवस ट्रक की चपेट में आकर कालीनगर निवासी मंटू दफादार की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पुत्र की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दे कि बीते रविवार की रात को कालीनगर निवासी मंटू दफादार अपने मित्र के साथ स्कूटी पर बाजार से घर लौट रहा था। मटकोटा मार्ग पर कौशल्या गार्डन के पास सड़क पर बने गड्ढे से बचने के प्रयास में स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई थी। इस बीच पीछे से आ रही ट्रक संख्या एचआर 58 डी - 8025 के नीचे आकर मंटू का सिर कुचल गया था और उसकी मौके पर मौत हो गई थी। पीछे बैठा उसका साथी बाल बाल बच गया था।इस मामले में गुरुवार को मृतक के पुत्र प्रासन्जीत की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ धारा 106(1), 125 ं, 281 के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

पड़ोसी के घर गई बच्ची हुई लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। पड़ोसी के घर गई एक 10 वर्षीया बच्ची संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। तमाम तलाश के बाद भी जब उसका कहीं कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए गायब बच्ची का पता लगाना शुरू कर दिया। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर कालीराख रियान स्कूल के पास काशीपुर निवासी रिजवान पुत्र अब्दुल सलाम ने बताया कि उसकी 10 वर्षीया पुत्री अक्षा बीते 17 जुलाई को पड़ोसी के घर गई बाद उसका कोई पता नहीं चला। लापता अक्षा को ढूंढने के लिए परिजनों ने संभावित स्थानों पर तमाम प्रयास किया लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला।परिजनों ने पुलिस से शीघ्र बच्ची की तलाश करने की गुहार लगाई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बच्ची का पता लगाना शुरू कर दिया।

ब्राह्मण समाज महासंघ ने धूमधाम से मनाया पांचवा स्थापना दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)। नगर के एक दर्जन ब्राह्मण घटक संगठनों के संयुक्त ब्राह्मण समाज महासंघ, उत्तराखंड द्वारा स्थानीय दर्शनलाल चौक में स्तीथ पंचायती मंदिर में अपना पांचवां स्थापना दिवस विश्व शांति एकता दिवस के रूप में मनाया। इस अवसर पर विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिविधान से हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में उपस्थित ब्राह्मण जनों द्वारा विश्व शांति एकता व सद्भाव की मंगल कामनाएं की गई। महासंघ के संरक्षक पंडित सुभाष चन्द जोशी व पंडित लाल चंद शर्मा द्वारा अपने प्रवचन में कहा कि ब्राह्मण समूचे विश्व के कल्याण की कामना करता है। उनका जीवन प्राणी मात्र के हित के प्रति सदैव समर्पित रहता है। ब्राह्मण कोई जाति नहीं, वरन एक दर्शन है। ब्राह्मण से सदैव समाज को एक नई दिशा प्रदान की हैपंडित राम प्रसाद गौतम, रामप्रसाद उपाध्याय, पंडित थानेश्वर उपाध्याय, महासंघ के अध्यक्ष प्रमोद मेहता, महामंत्री शशि शर्मा, पूर्व प्रवक्ता डा.वी.डी.शर्मा आदि ने भी अपने विचार रखे। महासंघ के संगठन मंत्री मनमोहन शर्मा के सौजन्य से मंदिर परिसर में नीम व आंवले के वृक्षों का रोपण किया गया। समारोह में उपस्थित ब्राह्मण बंधुओं को भी वृक्षों का वितरण भी किया गया। समारोह में मुख्यरूप से उपरोक्त के अतिरिक्त कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, पंडित शशिकांत दूबे, रूप चंद शर्मा, महेश कोठारी, पुरुषोत्तम गौतम, अवनीश शर्मा, शालिग्राम पौडेल आदि उपस्थित थे।

नुमाइश में धारदार हथियारों से मारपीट करने वाले दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नुमाइश में धारदार हथियारों से लैस होकर मारपीट करने वाले गैंग के दो आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 20 जुलाई को अजीत सिंह बगडवाल पुत्र टीकम सिंह बगडवाल निवासी रामड़ी छोटी निकट केवीएम स्कूल गांधी आश्रम मुखानी द्वारा एमबी इन्टर कालेज ग्राउण्ड में आयोजित नुमाइश की वाहन पार्किंग को लेकर हुये विवाद के दौरान नामजद अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से मारपीट व गाली गलौज के सम्बन्ध में कोतवाली में रपट दर्ज कराई गयी थी। मामले में वांछित अभियुक्तगणों की तत्काल गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया।पुलिस टीम द्वारा 2 आरोपियों को टीपी नगर बाईपास से गिरफ्तार किया गया है। शेष नामजद अभियुक्त अज्ञात अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्भावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पूछताछ करने पर पकड़े गए युवकों ने अपना नाम पता देवेन्द्र सिंह बिष्ट पुत्र बलवीर सिंह बिष्ट निवासी ग्राम छडायल सुयाल गैस गोदाम रोड थाना मुखानी तथा करन मेहरा पुत्र गोपाल सिंह मेहरा निवासी तहसील कालौनी रोडवेज के पास बताया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में वउनि महेन्द्र प्रसाद, उनि देवेन्द्र सिंह राणा, हेकानि. संजीत राणा, कानि. बंशी धर जोशी, धीरेन्द्र अधिकारी शामिल थे।